दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-166 | झुंझुनू (राजस्थान) | रविवार, 10 मई, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'धैर्य वह शक्ति है, जो कच्चे अनुभवों को परिपक्वता में और सही समय की प्रतीक्षा को सफलता में बदल देती है। '

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication

A/C No: 61347330768

IFSC Code- SBIN0031880

Phone pe , G-pay

9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार

Contact No. 9983040937

### मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

### 'समय से पहले तोड़े गए फल और बोले गए शब्द हमेशा कड़वे होते हैं '

प्रकृति मनुष्य की सबसे बड़ी शिक्षक है। वह बिना बोले जीवन के गहरे सत्य समझाती है। पेड़ों पर लगने वाले फल, ऋतुओं का परिवर्तन, बीज का अंकुर बनना और नदियों का प्रवाह–इन सबके भीतर जीवन के अनगिनत संदेश छिपे होते हैं। इन्हीं संदेशों में एक महत्वपूर्ण संदेश यह भी है कि हर चीज़ का एक सही समय होता है। चाहे प्रकृति हो या मानवीय व्यवहार, समय से पहले की गई हर जल्दबाज़ी अक्सर नुकसान का कारण बनती है। यही कारण है कि कहा जाता है– 'वक्त से पहले और किस्मत से ज्यादा किसी को कुछ नहीं मिलता।' यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

फल का उदाहरण इस सत्य को सबसे सरल ढंग से समझाता है। जब कोई फल पेड़ पर धीरे-धीरे पकता है, तब वह सूर्य की रोशनी, मिट्टी की उर्वरता और वृक्ष के रस से पूर्ण पोषण प्राप्त करता है। समय आने पर वही फल मीठा, सुगंधित और स्वास्थ्यवर्धक बनता है। लेकिन यदि कोई व्यक्ति अधीर होकर उसे समय से पहले तोड़ ले, तो वह फल ना स्वाद देता है और ना संतोष। वह कच्चा, कसैला और अधूरा रह जाता है। यही स्थिति जीवन के हर कार्य की है। बिना तैयारी, धैर्य और समय के किया गया प्रयास अक्सर अधूरे परिणाम देता है। आज का समाज अधीरता का शिकार होता जा रहा है। हर व्यक्ति तुरंत सफलता चाहता है। विद्यार्थी पढ़ाई से अधिक 'शॉर्टकट' खोज रहा है, युवा संघर्ष के बजाय त्वरित प्रसिद्धि चाहता है और समाज बिना तथ्यों को समझे तुरंत प्रतिक्रिया देने लगा है। सोशल मीडिया ने इस अधीरता को और बढ़ा दिया है। लोग पूरी बात जाने बिना ही टिप्पणी कर देते हैं, निर्णय सुना देते हैं और फिर वही शब्द विवाद और कटुता का कारण बनते हैं।

दरअसल, शब्दों की शक्ति बहुत बड़ी होती है। तलवार का घाव समय के साथ भर सकता है, लेकिन शब्दों का घाव वर्षों तक मन में बना रहता है। इसलिए यह केवल महत्वपूर्ण नहीं है कि हम क्या बोलते हैं, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि हम कब और कैसे बोलते हैं। कई बार सही बात भी गलत समय पर कह दी जाए, तो उसका प्रभाव नकारात्मक हो जाता है। क्रोध में बोला गया सत्य भी सामने वाले को सुधारने के बजाय अपमानित करता है। इसलिए बुद्धिमान व्यक्ति वही माना जाता है, जो शब्दों के चयन के साथ-साथ उनके समय को भी समझता हो। भारतीय संस्कृति में 'मौन' को भी एक बड़ा गुण माना गया है। इसका अर्थ यह नहीं कि अन्याय के सामने चुप रहा जाए, बल्कि इसका अर्थ यह है कि प्रतिक्रिया देने से पहले परिस्थिति को समझा जाए। महात्मा बुद्ध ने कहा था कि 'जो शब्द शांति और सत्य को जन्म न दें, उनसे मौन श्रेष्ठ है।' आज समाज में अधिकांश विवाद इसलिए बढ़ते हैं क्योंकि लोग सुनने से अधिक बोलने में विश्वास करते हैं। समय का महत्व केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि रिश्तों, निर्णयों और जीवन की दिशा में भी उतना ही आवश्यक है। किसान यदि मौसम से पहले बीज बो दे, तो फसल नष्ट हो सकती है। एक विद्यार्थी यदि बिना तैयारी परीक्षा देने जाए, तो परिणाम निराशाजनक होगा। इसी प्रकार जीवन में हर उपलब्धि को समय, धैर्य और निरंतरता की आवश्यकता होती है। हर बीज को वृक्ष बनने में समय लगता है। यदि हम उसे बार-बार खोदकर देखने लगें कि वह कितना बढ़ा, तो वह कभी विकसित नहीं हो पाएगा। आज की पीढ़ी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह धैर्य खोती जा रही है। लोग तुरंत परिणाम चाहते हैं। रिश्तों में भी यही अधीरता दिखाई देती है। छोटी-सी गलतफहमी पर संबंध टूट जाते हैं क्योंकि संवाद और समझ के लिए समय देने की आदत कम होती जा रही है। जबकि मजबूत रिश्ते भी उसी प्रकार समय मांगते हैं, जैसे एक पौधा वृक्ष बनने के लिए समय मांगता है। जीवन की सबसे बड़ी समझ यही है कि हर चीज़ अपने उचित समय पर ही सुंदर लगती है। सूर्योदय रात में नहीं हो सकता और फूल खिलने की प्रक्रिया को बलपूर्वक तेज नहीं किया जा सकता। प्रकृति कभी जल्दबाज़ी नहीं करती, फिर भी उसका हर कार्य पूर्ण होता है। मनुष्य यदि प्रकृति के इस सिद्धांत को समझ ले, तो उसका आधा तनाव समाप्त हो सकता है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि समय केवल घड़ी की सुइयों का नाम नहीं है, बल्कि वह परिपक्वता, अनुभव और परिस्थिति की समझ का दूसरा नाम है। सही समय पर लिया गया निर्णय जीवन बदल सकता है, जबकि गलत समय पर उठाया गया कदम वर्षों का नुकसान कर सकता है।

**अंततः** जीवन की सार्थकता इसी में है कि हम समय की गति को पहचानें और उसके साथ तालमेल बिठाकर चलें। अधीरता केवल तनाव और पछतावा देती है, जबकि धैर्य और सही समय सफलता की नींव बनते हैं। 'वक्त से पहले तोड़े गए फल स्वाद नहीं देते और वक्त से पहले बोले गए शब्द सम्मान नहीं देते। ' इसलिए धैर्य रखिए, परिस्थिति को समझिए और जीवन को समय की लय में जीना सीखिए–यही परिपक्वता की पहचान है।

# हर जिले में साइबर थाने खुलेंगे : सीएम

## हमारी थोड़ी सी लापरवाही से गरीब को न्याय नहीं मिल पाता

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- साइबर क्राइम की बढ़ती घटनाओं पर काबू करने 2030 तक सभी पुलिस जिलों में साइबर पुलिस स्टेशन खोले जाएंगे, हम इसको फेजमैनर में खोल रहे हैं। प्रदेश में साइबर अपराधों के नियंत्रण के लिए राजस्थान साइबर कंट्रोल सेंटर की स्थापना करने जा रहे हैं। साइबर अपराधों का एआई से एनालिसिस करवाएंगे और कॉल सेंटर खोलेंगे। हमारी पुलिसिंग भी आधुनिक होनी चाहिए उसके लिए जिन उपकरणों की जरूरत है वह लाइए,ह कोई भी व्यक्ति साइबर ठगों से ठगा न जाए। सीएम विधि विभाग की वर्कशॉप में बोल रहे थे। सीएम ने कहा- हमें साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत रहना होगा क्योंकि आप जानते हैं जिस तरह से आज साइबर क्राइम की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हमारी सरकार प्रदेशवासियों की साइबर सुरक्षा को लेकर संवेदनशील है। हमने साइबर खबरों से बचाव के लिए साइबर सुरक्षा लैब की स्थापना की है।




### पीएम मोदी ने दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता दी

**सीएम ने कहा-** हमारी न्याय व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव ई गवर्नेंस के जरिए आया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक प्रभाव से मुक्त कर भारतीय बनाने का साहसिक कदम उठाया है। नए कानूनों में दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता दी गई है, इसलिए नए कानून का नाम भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता रखा गया। हमने प्रदेश में नए कानूनों के बाद कोर्ट की संख्या बढ़ाई है। 42 नए कोर्ट खोले हैं, नए जिले जिला कोर्ट भी खोले हैं।

### हमारी थोड़ी सी लापरवाही से गरीब को न्याय नहीं मिल पाता

**सीएम ने कहा-** हमारी थोड़ी लापरवाही से गरीब को न्याय नहीं मिल पाता। गरीब आदमी गांव ढाणी से चलकर किसी तरह आता है। उसे कई बार आना जाना पड़ता है, यह उसके लिए न्याय संगत नहीं है क्योंकि गरीब की पीड़ा अधिक होती है। जितनी बार आएगा उसका पैसा भी खर्च होगा, हमें चाहिए हम उसकी किस तरह मदद कर सकते हैं। हम सुलभ न्याय की बात करते हैं लेकिन उसे न्याय कैसे दिला सकते हैं।

**सीएम ने कहा-** गरीब व्यक्ति जब अदालत आता है तो उसका एक दिन का काम भी भी छूटता है जो जीविका चलाने के लिए करता हे। साथ में उसका पैसा भी खर्च होता है, उसको परेशानी भी होती है। अगर हम छोटी-छोटी बातों को पर ध्यान रखेंगे तो उसका असर नीचे तक जाता है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 50 दिवसीय काउंट डाउन कार्यक्रम का शुभारंभ

## ग्राम पंचायत के विभिन्न स्थलों पर प्रतिदिन कराया जा रहा योगाभ्यास, लोगों से योग को दिनचर्या में अपनाने की अपील

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.पचेरी।**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पचेरी कलां के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत पचेरी कलां में 50 दिवसीय काउंटडाउन योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 2 मई 2026 से 20 जून 2026 तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों जैसे आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग प्रशिक्षक अनील कुमार एवं सुशीला कुमारी के निर्देशन में ग्रामीणों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं युवाओं को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया जा रहा है। आयुष विभाग से जुड़े डॉ. कविता कुमावत एवं नरेश कुमार यादव ने ग्रामवासियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि योग हमारे शारीरिक एवं मानसिक तनाव को दूर कर शरीर को निरोगी बनाता है। नियमित योगाभ्यास से रोग



प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा व्यक्ति स्वस्थ और ऊर्जावान जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है, जो मन, शरीर और आत्मा के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना चाहिए। ग्राम पंचायत क्षेत्र में आयोजित इस योग अभियान को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है तथा बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन योगाभ्यास में भाग लेकर स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहे हैं।

# काबरा परिवार ने आदर्श विद्या मंदिर को वाटर कूलर किया भेंट

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

काबरा परिवार की ओर से आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर मार्ग को वाटर कूलर भेंट किया गया। विद्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया कि स्व. शकुंतला देवी धर्मपत्नी स्व. गिरधारी लाल काबरा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र पवन कुमार, राजकुमार, विनोद कुमार व श्रवण कुमार काबरा ने आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय को ठंडे पानी के लिए बड़ा वाटर कूलर भेंट किया। इस अवसर पर श्रवण कुमार काबरा, ललित कुमार भूत, प्रमोद कुमार जाजोदिया, अमित कुमार,समिति के व्यवस्थापक पुरुषोत्तम मिश्रा प्रधानाचार्य अशोक कुमार पारीक, सूरजभान बीजला सहित विद्यालय



स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर काबरा परिवार के साथ पधारे सभी अतिथियों का विद्यालय की ओर से अभिनंदन कर इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# श्री खेमका इंटरनेशनल स्कूल, बुहाना में मातृ दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**

क्षेत्र के श्री खेमका इंटरनेशनल स्कूल, बुहाना में शनिवार को मातृ दिवस के अवसर पर भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और भावनाओं से सराबोर नजर आया। समारोह का उद्देश्य मातृत्व के महत्व को सम्मान देना तथा बच्चों एवं माताओं के बीच प्रेम और संस्कारों के अटूट रिश्ते को मजबूत बनाना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बुहाना थाना प्रभारी बिमला बुडानिया उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुशीला डांगी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने मातृ प्रेम पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। बच्चों ने नृत्य, गीत, कविता एवं लघु नाटिका (स्किट) प्रस्तुत कर माँ के त्याग, स्नेह और समर्पण को बेहद भावुक अंदाज में मंच पर जीवंत किया। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का दिल जीत लिया तथा पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान माताओं के लिए विशेष फन गेम्स का आयोजन भी किया गया। विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। खेलों के दौरान माताओं के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। विद्यालय परिसर हँसी, खुशी और उल्लास के माहौल से सराबोर हो उठा।समारोह का विशेष आकर्षण केक कटिंग कार्यक्रम रहा, जिसमें मुख्य अतिथियों, माताओं एवं विद्यालय परिवार ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मातृ शक्ति के सम्मान में सभी ने मिलकर मातृ दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनमोहन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि माँ बच्चे की प्रथम गुरु होती है और उसके व्यक्तित्व निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के संस्कार, सफलता और जीवन मूल्यों की नींव माँ से ही प्रारंभ होती है। ऐसे आयोजन विद्यालय और परिवार के बीच भावनात्मक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाते हैं।विद्यालय प्रबंधक हवा सिंह ने कहा कि मातृ शक्ति समाज की आधारशिला है और हमें सदैव अपनी माताओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों एवं नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि बिमला बुडानिया ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं संस्कारों का विकास करते हैं। वहीं डॉ. सुशीला डांगी ने माताओं के सम्मान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों, माताओं एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। समारोह सौहार्द, उत्साह एवं भावनात्मक वातावरण के बीच सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के परीक्षा प्रभारी पंकज शर्मा, अकाउंट्स ऑफिसर संदीप दायमा, लोकेंद्र कुमार जांगिड़, मुस्कान अग्रवाल, मुनेश कुमारी, संदीप कुमार, आशीष नेहरा, सन्नी शर्मा, चंद्रेश भारद्वाज, सरिता कुमारी, बबीता कुमारी, रवीना कंवर, पूनम शर्मा, पूनम यादव, सुनीता पॉल, अंकिता पुनिया, अंशू तंवर, पूनम जांगिड़ सहित समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं परिवहन विभाग से राजेंद्र गजराज, अनिल सिंह, प्रदीप मान, विक्रम नेहरा, पवन यादव, मोनू यादव, उदयभान एवं सचिन शर्मा ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।




# कैंब्रिज किड्स प्ले विद्यालय में मातृ दिवस का भव्य आयोजन, माताओं ने दिखाई प्रतिभा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

कस्बे के कैंब्रिज किड्स प्ले विद्यालय में शनिवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माँ और बच्चे के अटूट रिश्ते को सम्मान देना तथा माताओं के त्याग, समर्पण और स्नेह को नमन करना रहा। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था और पूरे कार्यक्रम में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में पधारी सभी माताओं के तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा एवं गर्मजोशी से स्वागत के साथ किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा किए गए इस आत्मीय अभिनंदन से





माताएँ भाव-विभोर हो उठीं। बच्चों ने भी अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें विशेष अनुभव कराया। मातृ दिवस समारोह के दौरान माताओं के लिए विशेष रूप से 'नॉन फायर कुकिंग प्रतियोगिता' आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागी माताओं ने बिना गैस जलाए स्वादिष्ट, पौष्टिक और आकर्षक व्यंजन तैयार कर अपनी पाक कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के हल्दी स्नैक्स, मिठाइयाँ एवं रचनात्मक व्यंजन देखने को मिले, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में मनोरंजक फन गेम्स का भी आयोजन किया गया। म्यूजिकल चेयर, बैलून बैलेंस, रुमाल उठाना, सेफ्टी पिन लगाना तथा साड़ी पहनने जैसी प्रतियोगिताओं में माताओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इन खेलों के दौरान माताओं ने अपने बचपन की यादें ताज़ा कीं और खूब आनंद उठाया। वहीं रैंप वॉक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें माताओं ने आत्मविश्वास और मुस्कान के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के निदेशक रहीश यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि माँ परिवार की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होती है और बच्चों के जीवन निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम परिवार और विद्यालय के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत बनाते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या काजल डुडेजा ने सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माँ ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है और बच्चों के संस्कारों की नींव घर से ही प्रारंभ होती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार सदैव अभिभावकों, विशेषकर माताओं के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञ रहेगा।कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। समारोह के अंत में सभी माताओं ने विद्यालय परिवार का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम की सराहना की।

# गर्मी में क्रीमी और टेस्टी कुल्फी बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

**कुछ लोग दूध पकाते समय शुरुआत में ही दूध और फ्लेवर इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बचना चाहिए। हमेशा जब दूध गाढ़ा हो जाए, तभी चीनी डालो। अगर आप शुरुआत में चीनी डालोगे तो दूध जल्दी गाढ़ा नहीं होगा। आप इसी समय इलायची, केसर, या गुलाब जल डाल सकते हो।**

गर्मी का मौसम आते ही हम सभी कुछ ना कुछ ठंडा खाना चाहते हैं और इसलिए सबसे पहले याद आती है कुल्फी की। ठंडी-ठंडी और मीठी-मीठी कुल्फी खाकर बेहद मजा आ जाता है। अमूमन हम सभी बाजार से कुल्फी लाकर खाते हैं, लेकिन अगर आप चाहो तो इसे घर पर भी बेहद आसानी से बना सकते हैं। हो सकता है कि आपने भी घर पर कुल्फी बनाई हो, लेकिन घर पर कुल्फी बनाने का एक नुकसान यह है कि वह बाजार जैसी क्रीमी और टेस्टी नहीं बनती है। कभी उसमें बर्फ जम जाती है, तो कभी वो बहुत सख्त हो जाती है।

अगर आपने भी अक्सर इस समस्या का सामना किया है और आपको लगता है कि आप परफेक्ट कुल्फी नहीं बना सकते तो आप गलत है। दरअसल, कुछ ऐसे आसान व छोटे-छोटे हैक्स हैं, जो आपकी कुल्फी को टेस्टी व क्रीमी बनाने में मदद करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ हैक्स के बारे में बता रहे हैं-

### दूध को करें गाढ़ा

अगर आप घर पर कुल्फी बना रहे हैं तो ऐसे में दूध को अच्छी तरह गाढ़ा करें और कुल्फी बनाने के लिए फुल क्रीम दूध का इस्तेमाल करें। आप दूध को धीमी आंच पर 30-40 मिनट तक उबालो। साथ ही, दूध को बीच-बीच में चलाते रहो, वरना वह नीचे लग जाएगा।

### चीनी और फ्लेवर सही तरह से करें इस्तेमाल

कुछ लोग दूध पकाते समय शुरुआत में ही दूध और फ्लेवर इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बचना चाहिए। हमेशा जब दूध गाढ़ा हो जाए, तभी चीनी डालो। अगर



आप शुरुआत में चीनी डालोगे तो दूध जल्दी गाढ़ा नहीं होगा। आप इसी समय इलायची, केसर, या गुलाब जल डाल सकते हो।

### ड्राई फ्रूट्स को ना भूलें

कुल्फी बनाते समय ड्राई फ्रूट्स डालना ना भूलें। आप काजू, बादाम, पिस्ता बारीक कट करके डालो। साथ ही, अगर आप थोड़ा सा पेस्ट बनाकर डालोगे तो और इससे क्रीमी टेक्सचर मिलेगा।

### मिल्क पाउडर का करें इस्तेमाल

अगर आपको क्रीमी कुल्फी खाना अच्छा लगता है तो ऐसे में कुल्फी तैयार करते समय मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करना अच्छा विचार है। मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करने से कुल्फी स्मूथ बनती है और इससे आइस क्रिस्टल्स नहीं बनते हैं।

### लू से बचाएगा यह जबरदस्त ड्रिंक, नोट करें नारियल अनानास कुलुकी की रेसिपी

गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचने और ताजगी पाने के लिए मशहूर फ़ूड क्रिएटर मेघना की 'कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी' रेसिपी ट्राई करें। नारियल पानी, पाइनएप्पल और हरी मिर्च के मीठे-तीखे स्वाद वाला यह समर ड्रिंक एनर्जी देता है और इसे घर पर बनाना बेहद आसान है।

काफी लुका-छुपी खेलने के बाद आखिरकार गर्मियों ने दस्तक दे ही दी है। जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है, हमें अपनी सेहत के प्रति थोड़ा गंभीर हो जाना चाहिए। अक्सर हम धूप और उमस को हल्के में ले लेते हैं, लेकिन यही लापरवाही डिहाइड्रेशन, दस्त या हीट स्ट्रोक जैसी बड़ी समस्याओं की वजह बन जाती है। इससे पहले कि गर्मी आपकी सेहत बिगाड़े, अपनी डाइट में इस तागी भरे ड्रिंक को शामिल करें। यह न केवल शरीर को ठंडा रखेगा, बल्कि आपको अंदर से एनर्जी भी देगा।

मशहूर फूड क्रिएटर मेघना ने हाल ही में 'कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी' की एक जबरदस्त रेसिपी शेयर की है। उनके अनुसार, यह ड्रिंक मीठे और तीखे स्वाद का एक अनोखा संगम है। नारियल पानी की ठंडक और पाइनएप्पल की मिठास के साथ जब हरी मिर्च का हल्का सा तीखापन और सब्जा सीड्स का टेक्सचर मिलता है, तो यह साधारण ड्रिंक को भी खास बना देता है।

कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी को तैयार करने के लिए सामग्री

ताजा पाइनएप्पल का गूदा (छना हुआ), ताजा नारियल पानी, भीगे हुए सब्जा (तुलसी के बीज), मिठास के लिए शहद या चीनी, थोड़ा काला नमक, नींबू का रस, ताजी हरी मिर्च (बीच से कटी हुई), पुदीने के पत्ते और ढेर सारे बर्फ के टुकड़े।

कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी बनाने की विधि

सबसे पहले ताजे पाइनएप्पल के टुकड़ों को पीसकर बारीक गूदा बना लें और उसे अच्छी तरह छान लें। सब्जा सीड्स को पानी में तब तक भिगोकर रखें जब तक वे पूरी तरह फूल न जाएं। एक शेकर में पाइनएप्पल का गूदा, नारियल पानी, शहद, काला नमक, नींबू का रस, कटी हुई हरी मिर्च, पुदीने के पत्ते, थोड़े से भीगे हुए सब्जा सीड्स और बर्फ डालें। शेकर का ढक्कन कसकर बंद करें और सभी चीजों का स्वाद आपस में अच्छी तरह मिलाने के लिए उसे जोर से हिलाएं। एक गिलास में थोड़े और सब्जा सीड्स डालें, उसके ऊपर तैयार मिश्रण डालें, और पाइनएप्पल व कटी हुई हरी मिर्च से सजाकर परोसें।

# बच्चों को आंखों की थकान से बचाने के लिए टिप्स



बच्चों में आंखों की थकान और स्क्रीन से जुड़ी आंखों की समस्याएं गंभीर रूप से बढ़ रही हैं, जिससे नेत्र विशेषज्ञों में चिंता की लहर फैल रही है। स्क्रीन पर लंबे समय तक नजर बनाए रखने से बच्चों की आंखों को ड्राईनेस, धुंधलापन, आंखों में थकान और सिरदर्द जैसी परेशानियां हो सकती हैं, खासकर जब वे मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर पर घंटों बिताते हैं। आंखों के विशेषज्ञों ने बताया गया है कि आज के बच्चे पहले से कहीं ज्यादा स्क्रीन टाइम के संपर्क में हैं, जिससे डिजिटल आई स्ट्रेन जैसी समस्याएं सामान्य होती जा रही हैं।

### स्क्रीन टाइम के नुकसान

लगातार स्क्रीन देखने से आंखों की मांसपेशियों पर तनाव बढ़ता है जिससे आंखों में थकान, धुंधला दिखना और जलन जैसी शिकायतें आती हैं। स्क्रीन के नजदीक देखने से आंखों को लगातार फोकस बनाए रखना पड़ता है, जिससे अनुकूलन तनाव होता है और दृष्टि में अस्थायी बदलाव के लक्षण दिख सकते हैं। शोध से यह भी पता चलता है कि स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में ड्राई आई, दृष्टि दोष और आंखों की समस्याओं का जोखिम बढ़ रहा है। लंबी अवधि स्क्रीन पर देखने से आंखों का नमी संतुलन बिगड़ सकता है और आँखें जल्दी थक सकती हैं।

### माता-पिता को क्या करना चाहिए

आंखों पर जोर और थकान कम करने के लिए विशेषज्ञ कुछ आसान परामर्श देते हैं।



20-20-20 नियम अपनाएं: हर 20 मिनट स्क्रीन देखने के बाद बच्चे को कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु पर नज़र डालने का अ भ्य ा स करवाएं।

स्क ी न टाइम सीमित करें: छोटे बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को दिन में 1 घंटे तक ही सीमित रखें। बड़े बच्चों के लिए स्कूल के अतिरिक्त 2 घंटे से अधिक न देखें।

स्क्रीन की दूरी और टाइम सीमा: सुनिश्चित करें कि स्क्रीन की दूरी कम से कम 18-24 इंच हो और स्क्रीन आंखों के थोड़ा नीचे रखा जाए ताकि आंखों पर तनाव कम हो।

अच्छा प्रकाश और ब्रेक: कमरे में पर्याप्त रोशनी रखें और स्क्रीन से जुड़े कार्य के दौरान नियमित अंतराल पर ब्रेक लें ताकि आंखों को विश्राम मिले।

ऑउटडोर खेल: रोजाना कम से कम 90-120 मिनट की बाहरी गतिविधि या खेलकूद को प्रोत्साहित करें। प्राकृतिक रोशनी में खेलने से आंखों की सेहत बेहतर बनी रहती है और द्व4श्श्चद्बड्ड (नेत्र दोष) के जोखिम को कम मदद मिलती है।

### बच्चों पर ध्यान दें और उन्हें अच्छी आदतें सिखाएं

विशेषज्ञों का मानना है कि आधुनिक समय में स्क्रीन उपयोग को पूरी तरह बंद करना संभव नहीं है, लेकिन संतुलित समय और सही आदतें अपनाने से बच्चों की आंखों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। माता-पिता को चाहिए कि वे स्कूल और मनोरंजन के लिए स्क्रीन टाइम को संतुलित रखें, समय-समय पर आंखों की जांच करवाएं और शुरुआती संकेतों पर नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें, ताकि छोटी असहजता बड़ी समस्या न बन जाए।

# दांतों की सेहत को नजरअंदाज न करें



शरीर की देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन अक्सर हम बड़े अंगों के साथ-साथ दांतों की सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। खासकर बच्चों के मामले में। बच्चों के दांतों पर लापरवाही करना एक बड़ी गलती साबित हो सकती है। आजकल छोटे बच्चों में दांतों की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, फिर भी कई माता-पिता इसे गंभीरता से नहीं लेते। एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर समय पर बच्चों के दांतों की सही देखभाल न की जाए, तो इसका असर सिर्फ मुंह तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उनकी पूरी शरीर की सेहत पर भी पड़ सकता है।

शुरुआत में ही पहचानें समस्या - बच्चों के दांतों में सड़न (कैविटी) धीरे-धीरे शुरू होती है। शुरुआत में सफेद या हल्के भूरे धब्बे दिखाई देते हैं, जो बाद में गड्ढे (कैविटी) में बदल जाते हैं। यह समस्या बैक्टीरिया और मीठे खाने के कारण होती है, जो दांतों की ऊपरी परत (एनामेल) को नुकसान पहुंचाते हैं।

दांत खराब हुए तो शरीर पर भी असर- दांतों की बीमारी सिर्फ दर्द तक सीमित नहीं रहती। रिसर्च बताती है कि बच्चों में दांतों की सड़न से

खाने में दिक्कत होती है

बोलने पर असर पड़ता है

शरीर का विकास प्रभावित हो सकता है

यानी दांत खराब होने का असर पूरे शरीर और बच्चे के विकास पर पड़ सकता है।

दांत ज्यादा खराब हुए तो क्या होगा?

अगर समय रहते इलाज न कराया जाए, तो दांत की सड़न नस (पल्प) तक पहुंच जाती है। इस स्थिति में डॉक्टर के पास दो ही विकल्प बचते हैं।

दांत निकालना -अगर दांत पूरी तरह से खराब हो जाए और उसे बचाना संभव न रहे, तो डॉक्टर उसे निकालने (टूथ एक्सट्रैक्शन) की सलाह देते हैं। यह स्थिति तब आती है जब सड़न बहुत ज्यादा बढ़ जाती है या संक्रमण दांत की जड़ों तक पहुंच जाता है, ऐसे में दर्द से राहत और आगे की समस्या से बचने के लिए दांत निकालना जरूरी हो जाता है।

रूट कैनाल ट्रीटमेंट -रूट कैनाल ट्रीटमेंट एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें दांत के अंदर मौजूद संक्रमित नस (पल्प) को हटाकर दांत को बचाने की कोशिश की जाती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, जब दांतों की सड़न बहुत गहरी हो जाती है और संक्रमण जड़ों तक पहुंच जाता है, तब दर्द से राहत पाने और दांत को सुरक्षित रखने के लिए रूट कैनाल ट्रीटमेंट जरूरी हो जाता है। ऐसी स्थिति में अक्सर रूट कैनाल या दांत निकालना ही अंतिम विकल्प बचता है।

हर कैविटी में रूट कैनाल ट्रीटमेंट जरूरी नहीं: यह जानना भी जरूरी है कि हर कैविटी में रूट कैनाल जरूरी नहीं होता। अगर समय रहते इलाज हो जाए, तो दांत को बिना रूट कैनाल ट्रीटमेंट के भी बचाया जा सकता है।

बच्चों के दांत कैसे बचाएं?

दिन में 2 बार ब्रश करवाएं

ज्यादा मीठा और जंक फूड से बचाएं

हर 6 महीने में डेंटिस्ट को दिखाएं

दूध पीने के बाद मुंह साफ करवाएं

फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का इस्तेमाल करें।

बच्चों के दांतों को नजरअंदाज करना बड़ी गलती हो सकती है। छोटी सी कैविटी अगर समय पर ठीक न हो, तो आगे चलकर दांत निकालने या रूट कैनाल जैसी बड़ी परेशानी बन सकती है। इसलिए शुरुआत से ही बच्चों के दांतों की सही देखभाल करना बेहद जरूरी है।

# बच्चे के दांत निकलते समय बढ़ी चिड़चिड़ाहट तो इन 5 आसान तरीकों से दें उसे राहत

**छोटे बच्चों में दांत निकलना एक सामान्य लेकिन थोड़ा मुश्किल दौर होता है। इस समय बच्चे अचानक चिड़चिड़े हो जाते हैं, बार-बार रोते हैं और खाने-पीने में भी नखरे दिखाने लगते हैं। ऐसे में माता-पिता घबरा जाते हैं, लेकिन सही देखभाल से बच्चे की तकलीफ को काफी हद तक कम किया जा सकता है।**

### दांत निकलने के सामान्य लक्षण

मसूड़ों में सूजन और दर्द

बार-बार रोना और चिड़चिड़ापन


हर चीज मुंह में डालना

ज्यादा लार आना

नींद और भूख में बदलाव

हल्का बुखार (तेज बुखार नहीं)

ऐसे कम करें बच्चे का दर्द (5 आसान तरीके)



### ठंडी चीजें चबाने को दें

दांत निकलने के दौरान बच्चे को ठंडी और सुरक्षित चीजें चबाने के लिए देना काफी फायदेमंद होता है। ठंडे टीथर, फ्रूट निबलर या हल्के ठंडे फल मसूड़ों की सूजन और दर्द को कम करने में मदद करते हैं। आप टीथर को 10-15 मिनट के लिए फ्रिज में ठंडा करके बच्चे को दे सकते हैं, इससे उसे तुरंत राहत मिलती है और चिड़चिड़ापन भी कम होता है।

### ठंडे कपड़े से राहत दें

दांत निकलते समय बच्चे के मसूड़ों को आराम देने के लिए साफ, गीले और ठंडे कपड़े का इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद होता है। आप कपड़े को हल्का ठंडा करके बच्चे को चबाने के लिए दे सकते हैं या उससे मसूड़ों पर धीरे-धीर रगड़ सकते हैं। इससे मसूड़ों की सूजन कम होती है और बच्चे को दर्द से राहत मिलती है।

### हल्की मसाज करें

दांत निकलने के दौरान बच्चे के मसूड़ों में होने वाली तकलीफ को कम करने के लिए हल्की मसाज बहुत फायदेमंद होती है। साफ उंगली या स्टेरिलाइज्ड गॉज से धीरे-धीरे मसूड़ों की मालिश करने से दर्द में राहत मिलती है और बच्चे को आराम महसूस होता है।

### सॉफ्ट और ठंडा खाना दें

दांत निकलने के दौरान बच्चे को सॉफ्ट और हल्का ठंडा खाना देना उसके लिए ज्यादा आरामदायक होता है। दही, नरम फल या ठंडी खिचड़ी जैसे फूड्स मसूड़ों को राहत देते हैं और आसानी से खाए जा सकते हैं। इस समय बच्चे की भूख कम होना सामान्य है, इसलिए उसे जबरदस्ती खिलाने की बजाय उसकी जरूरत के अनुसार ही भोजन दें।

### साफ-सफाई का रखें खास ध्यान

दांत निकलने के दौरान बच्चे हर चीज मुंह में डालने लगते हैं, इसलिए साफ-सफाई का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। उनके खिलौनों, टीथर और आसपास की चीजों को नियमित रूप से साफ और स्टेरिलाइज करें, ताकि किसी भी तरह के इंफेक्शन का खतरा कम हो और बच्चा सुरक्षित रहे।

### कब डॉक्टर से संपर्क करें?

तेज बुखार हो

बार-बार दस्त लगें

बच्चा बहुत ज्यादा सुस्त या परेशान दिखे

भूख लंबे समय तक कम रहे।

विशेषज्ञों के अनुसार, दांत निकलने के लक्षण आमतौर पर कुछ दिनों तक ही रहते हैं। हल्की परेशानी सामान्य है, लेकिन गंभीर लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। दांत निकलना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे रोका नहीं जा सकता, लेकिन सही देखभाल और छोटे-छोटे उपायों से बच्चे को आराम जरूर दिया जा सकता है। माता-पिता का धैर्य और सही जानकारी इस समय सबसे ज्यादा काम आती है।

# सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों के मुद्दों पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मिला प्रतिनिधिमंडल

## विश्वविद्यालयों में रोस्टर, बैकलॉग भर्ती, छात्रवृत्ति सरलीकरण और सामाजिक भागीदारी जैसे मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.जयपुर।**

सामाजिक न्याय, संवैधानिक अधिकारों एवं वंचित वर्गों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर शुक्रवार को जयपुर सर्किट हाउस में एक सामाजिक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से शिष्टाचार भेंट कर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने सामाजिक सरोकारों, शिक्षा, रोजगार एवं संवैधानिक भागीदारी से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषय मंत्री के समक्ष रखे।प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालयों में रोस्टर प्रणाली लागू करवाने, बैकलॉग भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने तथा उच्च शिक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया को सरल बनाने और विदेशों में अध्ययन हेतु वंचित वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिए जाने का मुद्दा भी चर्चा में शामिल रहा। बैठक के दौरान डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की वर्तमान स्थिति एवं उससे जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने सामाजिक न्याय, मनोनीत पदों पर समुचित प्रतिनिधित्व, संविदा भर्ती के स्थान पर सीधी भर्ती प्रक्रिया लागू करने तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े विषयों को गंभीरता से मंत्री के समक्ष रखा।इसके अलावा श्रीगंगानगर मारपीट प्रकरण, राजस्थान में बढ़ रहे एट्रोसिटी मामलों तथा अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लोगों को व्यापार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सामाजिक भागीदारी और संवैधानिक अधिकारों की मजबूती के लिए सरकार को ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए।



केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक स्तर पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री द्वारा सभी विषयों को गंभीरता से सुनने एवं सम्मानपूर्वक पर्याप्त समय देने पर आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में रामेश्वरलाल सेवार्थी, पीसी बेरवाल, बीएल भाटी, मदनलाल दूदवाल, जगदीश रमन, एचपी कंवरिया, रामप्रसाद बैरवा, जगमोहन बंशीवाल, महताराम काला, महेन्द्र बैरवा, कजोड़मल बैरवा, हरिचरण जग्रवाल, विजेन्द्र धनवाल एवं मदनलाल जाजोरिया की गरिमामय उपस्थिति रही।

# डालमिया विद्या मंदिर में अंतर-सदनीय अंग्रेज़ी वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

डालमिया विद्या मंदिर में अंतर-सदनीय अंग्रेज़ी वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, सार्वजनिक वक्तृत्व कला, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शक्ति सिंह की अध्यक्षता में मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य ने कहा कि वाद-विवाद जैसी बौद्धिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रधानाध्यापिका नमिता चौधरी ने स्वागत भाषण देते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मध्य समूह में भव्या भालोटिया प्रथम, अवनी द्वितीय और तक्ष तृतीय रहे, जबकि वरिष्ठ समूह में गुंजन ने पहला, कनक कुल्हार ने दूसरा और ऋषभ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने प्रभावशाली तर्कों और शानदार प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# मंडावर के आदर्श विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह धूमधाम से सम्पन्न

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान ने बांधा समां

### विद्यालयी संस्कारों के मंच से विकास की सौगात, विधायक ने दिए 10 लाख रुपए।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल** । कस्बे के उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर मंडावर शहर में शनिवार को आयोजित वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह ग्रामीण परिवेश, भारतीय संस्कृति और शिक्षा संस्कारों की अनूठी छटा के बीच गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीना ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता करते हुए विद्यालय के विकास कार्यों के लिए विधायक कोष से 10 लाख रुपए देने की घोषणा कर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बड़ी सौगात दी। विधायक की घोषणा के साथ ही कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। समारोह की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी मंडावर अमित कुमार वर्मा ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में विद्या भारती सहमंत्री विजयसिंह फौजदार मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता उच्च न्यायालय जयपुर रवि कुमार शर्मा एवं सैनी समाज मंडावर तहसील अध्यक्ष रामकिशन सैनी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला सचिव कमलेश गौतम सहित शिक्षा, समाजसेवा और जनप्रतिनिधित्व से जुड़े कई लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।



विद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति, संस्कार, ग्रामीण संस्कृति और भारतीय परंपराओं पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही लूटी। नन्हे विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और अतिथियों को भावुक कर दिया। समारोह में भामाशाहों द्वारा विद्यालय और शिक्षा विकास के लिए सहयोग राशि भेंट की गई, वहीं अध्ययन, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीना ने अपने संबोधन में कहा कि आदर्श विद्या मंदिर जैसे शिक्षण संस्थान केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जिस समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है, वह वास्तव में सराहनीय है। विधायक ने मेधावी विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों और अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दीं।

# विधायक राजेन्द्र ने बल्ला घुमाकर किया डे-नाइट क्रिकेट महाकुंभ का शुभारंभ

## 51 हजार की सहयोग राशि के साथ लाइब्रेरी, हाई मास्क लाइट व पंच थाई निर्माण के लिए 20 लाख की घोषणाओं से गांव में दौड़ी खुशी की लहर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल** । ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को नई उड़ान देने और युवाओं में खेल संस्कृति को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से शनिवार को मंडावर उपखंड क्षेत्र के ग्राम झूंथाहेड़ा खुर्द में भौमिया बाबा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित झूंथाहेड़ा प्रीमियर लीग डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ उत्साह और जोश के माहौल में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीना ने अपने कर कमलों से किया। इस दौरान विधायक ने स्वयं बल्ला थामकर शानदार शॉट लगाया और क्रिकेट प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की, जिसे देखकर मैदान तालियों और युवाओं के उत्साह से गूंज उठा।ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। उद्घाटन अवसर पर विधायक राजेन्द्र मीना ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता संचालन के लिए 51 हजार रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम विकास और युवाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में विधायक कोष से मॉडल लाइब्रेरी निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, हाई मास्क लाइट के लिए 5 लाख रुपए तथा पंच थाई निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा कर गांव को विकास की बड़ी सौगात दी। घोषणाओं के बाद आयोजन स्थल पर मौजूद ग्रामीणों और युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।



अपने संबोधन में विधायक राजेन्द्र मीना ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का मजबूत माध्यम होती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए आयोजन समिति और युवा साथियों द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है तथा ऐसे आयोजनों से गांवों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करें।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पंच-पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता, आयोजन समिति के सदस्य, युवा साथी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया 'मदर्स डे'

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

जीवनी इंटरनेशनल स्कूल, चिड़ावा में शुक्रवार को 'मदर्स डे' हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरपर्सन सांवरमल मील ने की। इस दौरान सचिव भगवती मील एवं निदेशक रितेश मील भी मौजूद रहे। विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने उपस्थित माताओं का तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अध्यापकों ने भी मातृत्व के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। सचिव भगवती मील ने कहा कि मां के लिए जितना कहा जाए उतना कम है, जबकि चेयरपर्सन सांवरमल मील ने मां को जीवन का आधार बताया। निदेशक रितेश मील ने महिला शक्ति के सम्मान और समाज में महिलाओं के गौरवपूर्ण स्थान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



# 'ग्राम विकास रथ' यात्रा के जरिए पहाडीला और टोंकछीलरी में गूँजी केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 'सुराज' के ध्येय को साकार करने के उद्देश्य से निकाली जा रही 'ग्राम विकास रथ' यात्रा शनिवार को नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुँची। यात्रा का पहाडीला, बागोरिया की ढाणी, टोड़पुरा और टोंकछीलरी में ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर रथ यात्रा विधानसभा प्रभारी एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की 'किसान सम्मान निधि' जैसी योजनाओं ने किसानों को आर्थिक संबल दिया है। वहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की राज्य सरकार गांव-गरीब और किसान के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने का कार्य निरंतर जारी है। इस दौरान कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने मनोरंजन के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का संदेश भी जन-जन तक पहुँचाया।



प्रशासनिक स्तर पर सहायक विकास अधिकारी बंशीधर कालेर, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ बलदेव सिंह, सहायक कृषि अधिकारी सतपाल माहिच और प्रधानाचार्य आशा टांक, ग्राम विकास अधिकारी कमल बेनीवाल, रिछपाल पूनिया, कृषि पर्यवेक्षक शीशराम सहित कई विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की तकनीकी जानकारी दी और मौके पर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किशन लाल गुर्जर, पंचायत प्रशासक राजेन्द्र सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामकरण चौधरी, ओमप्रकाश धींवा, डॉ गोपाल राम, मायाराम, बृजलाल कुमावत, पूर्ण सिंह शेखावत, श्रीराम सैनी, हरिसिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# सेवंथ डिस्ट्रिक्ट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ




**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

चिड़ावा स्थित राजस्थान शिक्षण संस्थान में सेवंथ डिस्ट्रिक्ट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप झुंझुनूं का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन मरु प्रदेश योगासना एवं राजस्थान शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीतिका थालौर रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पतंजलि राज्य प्रभारी पवन कुमार सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिलेभर से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न योगासन प्रस्तुतियों और खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। आयोजन में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों, नेशनल कोच और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मरु प्रदेश योगासना एवं राजस्थान शिक्षण संस्थान की अहम भूमिका रही।

# एमकेएम पब्लिक स्कूल राजोता में मातृ दिवस पर भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**

खेतड़ी विकास समिति द्वारा संचालित एमकेएम पब्लिक स्कूल, राजोता में शनिवार को मातृ दिवस के अवसर पर भावपूर्ण एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माँ के प्रति सम्मान, प्रेम और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों को पारिवारिक मूल्यों से जोड़ना रहा। विद्यालय परिसर में पूरे दिन उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। बच्चों ने गीत, नृत्य एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से माँ के त्याग, ममता और स्नेह को बेहद सुंदर ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। इसके साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया 'बागबान' नाटक रहा। इस नाटक के माध्यम से परिवार में माँ की विभिन्न भूमिकाओं को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। विद्यार्थियों की शानदार अभिनय प्रस्तुति ने सभी को भावुक कर दिया तथा उपस्थित अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के अंत में विद्यालय में पधारी सभी माताओं का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस सम्मान से माताएँ भावुक हो उठीं तथा विद्यालय परिवार के इस प्रयास की सराहना की।विद्यालय के संस्था प्रधान डॉ. मोहित सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि 'दुनिया में माँ का स्थान कोई नहीं ले सकता। माँ ही बच्चे की पहली गुरु होती है और उसके संस्कारों की नींव घर से ही शुरू होती है।' उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में पारिवारिक मूल्यों एवं सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।




## वाहन संबधित आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रेवती देवी पत्नी श्री प्रभु जाति गुर्जर निवासी वार्ड नं. 08 पथाना तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राजस्थान की रहने वाली हूं जो कि मेरे पति प्रभु पुत्र श्री शंकर की दिनांक 08. 01.2024 को हो गई। मेरे पति के नाम रजिस्ट्रेड वाहन सिविफ्ट वीएक्सआई मारूति कार जिसके रजिस्ट्रेशन संख्या **RJ 53 CA 0813** का स्वामित्व अधिकार प्राप्त है। अब मैं मेरे नाम नामन्तण करवाना चाहती हू जिसमें मेरे के सभी उतराधिकारियों की सहमती है। किसी को आपत्ति हो तो सात दिवास में संपर्क करें। अन्यथा उक्त वाहन मेरे पक्ष में नामान्तण किया जायेगा।
दिनांक 09.05.2026

**प्रार्थी - रेवती देवी पत्नी श्री प्रभु , पथाना**

# भीषण गर्मी में यात्रियों को राहत, माँ की स्मृति में बना 'भूरी राम प्याऊ'

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंड्रेला।**



झुंझुनूं जिले के मंड्रेला-झुंझुनूं बाईपास बस स्टैंड पर भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से बोला परिवार द्वारा 'भूरी राम प्याऊ' का निर्माण करवाया गया। यह प्याऊ स्वर्गीय भूरी देवी एवं रामेश्वर लाल बोला की स्मृति में उनके पुत्र सुभाष बोला, इंजीनियर सुधेश बोला और मुकेश बोला द्वारा बनवाया गया है। प्याऊ का लोकार्पण मंड्रेला थानाधिकारी कैलाश चंद शर्मा और एमडी साइंस कॉलेज झुंझुनूं के प्राचार्य रामस्वरूप जाखड़ ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बाईपास बस स्टैंड पर लंबे समय से पेयजल और बैठने की उचित व्यवस्था नहीं थी, जिससे यात्रियों को गर्मी में परेशानी उठानी पड़ती थी। बोला परिवार द्वारा शुद्ध ठंडे पानी और सीमेंटेड बेंच की व्यवस्था कर यात्रियों को बड़ी राहत दी गई है। स्थानीय लोगों ने इस पहल को सामाजिक सरोकार और जनसेवा की मिसाल बताया। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर एंजेल वेलफेयर सोसायटी का अनोखा अभियान, बेसहारा पशुओं को लगाए रेडियम पट्टे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**



महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर एंजेल वेलफेयर सोसायटी ने सामाजिक सरोकार को नई दिशा देते हुए एक अनोखा एवं सराहनीय अभियान शुरू किया। सोसायटी द्वारा शहर की सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं के गले में रेडियम पट्टे (रिफ्लेक्टिव बेल्ट) लगाने का अभियान चलाया गया, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और मानव व पशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।अभियान के बारे में जानकारी देते हुए एंजेल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुरेश भूकर ने बताया कि रात के समय सड़क पर घूम रहे बेसहारा पशु अचानक वाहन चालकों के सामने आ जाते हैं। अंधेरे में उनकी उपस्थिति स्पष्ट दिखाई नहीं देने के कारण कई बार गंभीर सड़क हादसे हो जाते हैं। ऐसे में पशुओं के गले में लगाए गए रेडियम पट्टे वाहन की हेडलाइट पड़ते ही चमक उठेंगे, जिससे चालक दूर से ही पशुओं को देख सकेंगे और समय रहते वाहन नियंत्रित कर पाएंगे।उन्होंने बताया कि हाल ही में पिलानी बाईपास पर हुए एक दर्दनाक हादसे में दूध बेचने वाले एक युवक की सड़क पर घूम रहे नंदी से टक्कर हो गई थी। हादसे के दौरान नंदी का सींग युवक के सीने में लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इसी प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया है। सोसायटी पदाधिकारियों ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती के दिन इस अभियान की शुरुआत करना विशेष महत्व रखता है। महाराणा प्रताप की वीरता, जनकल्याण और प्राणी मात्र की रक्षा की भावना से प्रेरणा लेते हुए संस्था समाजहित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पशुओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क पर चलने वाले आम लोगों की जान बचाने का भी प्रयास है।

गौ रक्षक शैलेश चौहान (संटी बन्ना) ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि समाज को ऐसे जनहित कार्यों में आगे आना चाहिए। उन्होंने सोसायटी अध्यक्ष सुरेश भूकर के प्रयासों की सराहना करते हुए अभियान में सक्रिय सहयोग देने की बात कही। एंजेल वेलफेयर सोसायटी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और अधिक से अधिक बेसहारा पशुओं को रेडियम पट्टे लगाए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस अवसर पर निक भूकर, रविंद्र गोरखा, विक्की राजपूत, प्रमोद सैन, आयुष कुमार, अभिषेक भूकर, आकाश योगी, चांद नायक, टिंकू स्वामी, अमर स्वामी, अजय नायक एवं अंकित नायक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विष्णु शर्मा काजड़ा बने अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश सह संगठन महामंत्री

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



काजड़ा निवासी विष्णु शर्मा काजड़ा को अखिल भारत हिन्दू महासभा का प्रदेश सह संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रपाणि महाराज, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार पूनिया सहित संगठन के शीर्ष नेतृत्व की अनुशंसा पर की गई। संगठन की ओर से जारी जानकारी के अनुसार यह जिम्मेदारी विष्णु शर्मा काजड़ा की सनातन धर्म के प्रति निष्ठा, समर्पण एवं हिन्दुत्व के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद विष्णु शर्मा काजड़ा ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे। उनके प्रदेश सह संगठन महामंत्री बनने पर समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।

# बारात से लौटे परिवार पर हथियारबंद गिरोह का धावा, ग्रामीणों ने दबोचा एक बदमाश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

## महवा के अमोलक नगर में देर रात मची अफरा-तफरी, पिस्टल-कारतूस और दस्ताने बरामद, साथी बाइक लेकर फरार

**मनोज खंडेलवाल ।** कस्बे के अमोलक नगर में शनिवार तड़के उस समय दहशत फैल गई, जब जयपुर से बारात लौटे एक परिवार के सामने हथियारबंद बदमाशों ने हमला कर दिया। देर रात हुई इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। बदमाश मकान में घुसकर वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन परिवार की सतर्कता और ग्रामीणों की तत्परता के चलते एक आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया गया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पीड़ित द्वारा महवा थाने में दी गई रिपोर्ट के अनुसार शनिवार तड़के करीब 1:10 बजे वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जयपुर से बारात करके अमोलक नगर स्थित घर लौटा था। इसी दौरान उसकी नजर ताऊ दुर्गालाल के मकान के भीतर घुसे दो संदिग्ध युवकों पर पड़ी। टोका-टाकी करते ही दोनों युवक मकान की दीवार और परकोटे को फांदकर गली में कूद गए तथा प्रार्थी को पकड़ लिया। आरोप है कि एक बदमाश ने उसके ऊपर पिस्टल तान दी, जबकि दूसरे ने कट्टे की बैरल से उसके बाएं हाथ पर वार कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण और परिवार के सदस्य बाहर निकल आए। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए एक बदमाश को पकड़ लिया, जबकि दूसरा आरोपी धक्का-मुक्की और भगदड़ के बीच फरार हो गया। भागते समय आरोपी की शर्ट मौके पर ही छूट गई। बताया जा रहा है कि दोनों बदमाशों ने हाथों में ग्लव्स पहन रखे थे, जो घटनास्थल पर पड़े मिले हैं।परिवार के लोगों ने जब आरोपियों का पीछा किया तो कुछ दूरी पर दो मोटरसाइकिलों के पास तीन-चार अन्य संदिग्ध युवक भी खड़े दिखाई दिए। सभी आरोपी अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आरोपी क्षेत्र में डकैती की वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे।

घटना के दौरान मारपीट, कूदफांद और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास में प्रार्थी को भी चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर महवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए आरोपी को हथियार सहित हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने कभी अपना नाम रविंदर तो कभी सोनू सागवान बताया तथा खुद को हरियाणा के रेवाड़ी क्षेत्र का निवासी बताया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह, बाजीसर स्कूल में यूनिफॉर्म वितरण कार्यक्रम आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** मंडावा विधानसभा क्षेत्र के गांव बाजीसर स्थित राजकीय विद्यालय में शनिवार को प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने एवं उनका उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली से आठवीं तक वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की गई। यूनिफॉर्म किट में जूते, जुराब, बेल्ट, पैंट और शर्ट सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल रही। यह पहल समाजसेवी शीशराम बुरड़क (पीपल का बास) के सहयोग से की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई तथा अभिभावकों और ग्रामीणों ने इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे प्रयासों से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है और वे आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शीशराम गढ़वाल ने समाजसेवी शीशराम बुरड़क का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समाज का सहयोग विद्यार्थियों के भविष्य को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में रामकुमार मीणा, प्रताप सिंह निर्मल, निहाल सिंह मीणा, समाजसेवी अमित मीणा, राकेश नायक, रोहित नायक, शक्ति नायक, महेंद्र नायक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं विद्यालय स्टाफ से नरेंद्र बुडानिया, सुरेंद्र कुमार, ममता मीणा, प्रीति ढाका, इंद्रा देवी सहित अन्य शिक्षक एवं ग्रामीणजन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर उमड़ेगी श्रद्धा, सांस्कृतिक पुनर्जागरण का साक्षी बनेगा जिला

## पीएम नरेंद्र मोदी सोमनाथ और सीएम नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र से करेंगे संबोधित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

### मोडा वाला मंदिर में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव करेंगी शिरकत

श्री सोमनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप की प्राण-प्रतिष्ठा के 75 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 11 मई को जिला महेंद्रगढ़ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगी। वहीं, पूर्व मंत्री एवं नारनौल विधायक ओम प्रकाश यादव तथा महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर जन-जन को जोड़ने के लिए प्रशासन ने विस्तृत रूपरेखा तैयार की है। महोत्सव का शुभारंभ 11 मई को सुबह 9:00 बजे श्री गोपाल गौशाला के सामने स्थित श्री श्याम मंदिर से होगा, जहां से एक विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। महिलाओं की विशेष भागीदारी वाली यह भव्य यात्रा रेवाड़ी रोड से होते हुए मोडावाला मंदिर पहुंचेगी। यहा श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक होगा। डीसी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक चेतना का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। सुबह 10 से 12 बजे के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के सोमनाथ से राष्ट्र को संबोधित करेंगे, जबकि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र से राज्य स्तरीय समारोह के माध्यम से प्रदेश की जनता से जुड़ेंगे। इस कार्यक्रम का मोडावाला मंदिर परिसर में डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने के लिए स्थानीय स्तर पर भजन-कीर्तन, रंगोली और प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर हैशटैग्स के माध्यम से युवा इस डिजिटल उत्सव का हिस्सा बन सकेंगे। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वह इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लें। इसके अलावा सभी मंदिरों के प्रबंधकों से भी आह्वान की है कि वह इस दिन मंदिरों में विशेष सजावट करते हुए इस लाइव कार्यक्रम को देखें। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी देखा जा सकेगा।

# महिला मण्डल ने किया श्याम कीर्तन का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे वार्ड 23 स्थित सैनी - निकेतन में शनिवार को श्री श्याम सखी महिला मण्डल की ओर से श्याम कीर्तन आयोजित किया, जिसमें भजनों की मधुर प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूम उठे। इन धार्मिक कार्यक्रम में अखंड ज्योति, भोग, और बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार मुख्य आकर्षण रहे, जो भक्तिमय माहौल दिखा। महिला मंडल और स्थानीय भक्तों द्वारा भजन गायक कलाकार सरोज सिंघानिया के साथ सुमधुर भजनों का गुणगान किया जाता है। बाबा श्याम की प्रतिमा को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान सुशीला सैनी ने अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित के साथ इत्र वर्षा की, अंत में प्रसाद वितरित किया गया।सरोज तुनवाल ने बताया की ऐसे आयोजन अक्सर समाज में एकता, सकारात्मक ऊर्जा और आस्था को सुदृढ़ करने के लिए महिला मण्डल द्वारा किए जाते हैं। कार्यक्रम में मंजू सैनी, संजू मिटावा, सरोज मोदी, विद्या, बबीता,भंवरी देवी, सरोज तुनवाल सहित अनेक महिला श्रद्धालु उपस्थित रहीं।

# पत्थरा वाली ढाणी में शिव भोले का 17वां विशाल भंडारा एवं रागनी कम्पटीशन संपन्न, उमड़े हजारों श्रद्धालु

## मुख्य अतिथि विधायक ललित यादव ने की शिरकत, नरदेव बेनीवाल एंड पार्टी की रागनियों ने बांधा समां

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**




**रमेशचंद ।** दौलतसिंहपुरा स्थित पत्थरा वाली ढाणी में शनिवार को शिव भोले का 17वां विशाल भंडारा एवं रागनी कम्पटीशन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। शिव मंदिर कमेटी, पत्थरा वाली ढाणी दौलतसिंहपुरा एवं नगरपालिका नीमराना के पार्षद सुरेन्द्र उर्फ सोनू के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:15 बजे विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ हुआ। इसके बाद 11:15 बजे से भंडारे में प्रसाद वितरण शुरू किया गया, जो देर शाम तक अनवरत चलता रहा। साथ ही 11:15 बजे से ही रागनी कम्पटीशन का भी आगाज हुआ, जिसमें पलवल की प्रसिद्ध नरदेव बेनीवाल एंड पार्टी ने अपनी सुमधुर रागनियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने धार्मिक एवं सामाजिक रागनियों की शानदार प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में मुंडावर विधायक श्री ललित यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पार्षद वेदप्रकाश खबरी, नीमराना नगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट वेद प्रकाश सैनी, राजस्थान मेघवाल परिषद के जिला संयोजक महावीर प्रसाद चर्खिया, कुलवंत जूली, समाजसेवी विनोद यादव, ईश्वर यादव, सरपंच सोनू, डॉ. दीपिका, महंत सीमा ग्रुप, अजीत ठेकेदार, हवा सिंह यादव, हरकेश नक्शा नवीस, एडवोकेट भीमसिंह, कालूराम जोशी गुरुजी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं समाजसेवी मौजूद रहे। शिव मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी कार्यक्रम को भव्य स्वरूप दिया गया। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं के लिए भोजन, जलपान और बैठने की विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी सहयोगियों, भामाशाहों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। पूरे दिन पत्थरा वाली ढाणी 'हर-हर महादेव' के जयकारों और भजनों से गूंजती रही।

# भामाशाह रामेश्वर सिंह शिवरान ने ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान समिति को 11 लाख रुपए व 250 पुस्तकें भेंट की



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

शिवराना का बास निवासी भामाशाह रामेश्वर सिंह शिवरान पुत्र डूंगाराम ने ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान समिति सीकर को 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता एवं विभिन्न विषयों की 250 से अधिक पुस्तकें ग्रामीण महिला महाविद्यालय सीकर को भेंट कीं।

यह जानकारी देते हुए संस्थान के सह सचिव प्रभूदयाल ओला ने बताया कि श्री शिवरान ने यह सहयोग अपने पुत्र राम मोहन सेवानिवृत अध्यापक, डॉक्टर प्यारेलाल आईपीएस, पुत्री तारामणि एवं पौत्र रोहित की प्रेरणा से अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती सोहनी देवी पुत्री स्व. चौधरी परतुराम ढाका अलखपुरा बोगन की पुण्य स्मृति में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु प्रदान किया है। इस अवसर पर संस्थान के पूर्व अध्यक्ष चैन सिंह आर्य, वर्तमान अध्यक्ष झाबरमल, उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सारण, कोषाध्यक्ष रामनिवास मील, ग्रामीण गर्ल्स अकादमी के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह सुंडा एवं मास्टर राम सिंह ने भामाशाह का आभार व्यक्त किया। ओला ने बताया कि इसी क्रम में जगदीश चंद्र कुल्हरी, सेवानिवृत्त संयुक्त आयुक्त ,आयकर विभाग, जयपुर ने 11 हजार रुपये एवं अशोक कुमार सुंडा, हवलदार, निवासी रामपुरा द्वारा 21 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग देकर संस्थान के आजीवन सदस्य बने।

# नीमराना में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**एनआईआईटी विश्वविद्यालय के कपिल वन में आयोजित हुआ कार्यक्रम, पुष्प अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

**रमेशचंद ।** औद्योगिक क्षेत्र के जापानी जोन स्थित एनआईआईटी विश्वविद्यालय के कपिल वन में शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम मेंट बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, शिक्षाविदों और युवाओं ने भाग लिया। आयोजन के दौरान उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के त्याग, बलिदान, राष्ट्रभक्ति और अदम्य साहस को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और देशप्रेम की अनूठी मिसाल है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने कभी भी विदेशी आक्रांताओं के सामने घुटने नहीं टेके और अंतिम सांस तक मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे। वक्ताओं ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमें महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर ही हम सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप अमर रहें के जयकारे लगाए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। आयोजन से पूरे क्षेत्र में देशभक्ति और गौरव का माहौल बना रहा।

# राजपूत समाज की मीटिंग आयोजित, महाराणा प्रताप को दी श्रद्धांजलि



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

श्री महाराणा विकास संस्थान में राजपूत समाज की शनिवार को मीटिंग आयोजित हुई। इंजीनियर महावीर सिंह झाझड़ संयोजक श्री राजपूत सहभागी मंच की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग के प्रारंभ में महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित समाज के लोगों को 23 व 24 मई को सालासर में होने वाले श्री राजपूत राजनैतिक पुनरुत्थान शिविर को लेकर इंजीनियर महावीर सिंह झाझड़ ने विस्तृत जानकारी देकर शिविर को सफल बनाने की अपील करते हुए विस्तृत चर्चा कर आयोजन को सफल बनाने की रूपरेखा समाज के सामने रखी जिसे समाज ने ध्वनिमत से स्वीकार किया। उन्होंने ईडब्ल्यूएस आरक्षण सरलीकरण तथा नगर पालिका तथा ग्राम पंचायत चुनाव में ईडब्ल्यूएस वर्ग को आरक्षण देने के मुद्दे की मांग पर समाज के लोगों के सामने प्रकाश डाला।

# नगरपालिका कनीना उपचुनाव: पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनों सहित किया गया रवाना

## 10 को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.कनीना।**



नगरपालिका कनीना के वार्ड संख्या-14 में होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर आज राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कनीना स्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनों एवं आवश्यक चुनाव सामग्री सहित संबंधित मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

उपमंडल अधिकारी (ना.) कनीना एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह के निर्देशन में पोलिंग पार्टियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक निर्देश दिए गए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान पूर्ण सतर्कता, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए, ताकि मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके। रिटर्निंग अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि 10 मई को निर्धारित मतदान केंद्र पितामह कान्हसिंह धर्मशाला, कनीना में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के उपरांत सभी पोलिंग पार्टियां पुनः राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कनीना में स्थापित स्ट्रॉन्ग रूम में ईवीएम मशीनें एवं चुनाव सामग्री जमा करवाएंगी। उन्होंने बताया कि उपचुनाव की मतगणना 13 मई को की जाएगी, जिसके उपरांत परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रशासन द्वारा उपचुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अर्जुन सिंह, राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हानी के प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह, निर्वाचन कानूनगो पूनम, नगरपालिका सचिव कपिल, ईवीएम मास्टर ट्रेनर सुधीर नारा, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर पूजा खींची सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# महवा न्यायालय परिसर में लगी सहमति की चौपाल, बैंक ऋण, बिजली बकाया और राजस्व मामलों में 216 प्रकरणों का हुआ निस्तारण

## दो करोड़ से ज्यादा का हुआ समझौता, राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलझे वर्षों पुराने विवाद।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** अदालतों की लंबी तारीखों और कानूनी उलझनों के बीच शनिवार को महवा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत लोगों के लिए राहत का बड़ा दरवाजा बनकर सामने आई। तालुका विधिक सेवा समिति महवा के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली बकाया, राजस्व विवाद और न्यायालयों में लंबित मामलों का आपसी समझाइश और राजीनामे के जरिए बड़े स्तर पर निस्तारण किया गया। दिनभर चले इस आयोजन में समझौते की ऐसी तस्वीर देखने को मिली, जहां वर्षों पुराने विवाद भी कुछ ही घंटों में समाप्त हो गए और कुल दो करोड़ सोलह लाख तिरासी हजार छह सौ तैतालीस रुपये की राशि का सैटलमेंट कर नया रिकॉर्ड कायम किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत की प्रथम बेंच में अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश महवा आशुतोष गोसिन्हा ने अध्यक्षता की, जबकि सदस्य के रूप में तहसीलदार मंडावर अक्षयप्रेम चेयरवाल और बार संघ महवा के अधिवक्ता विष्णु कुमार कुशवाहा मौजूद रहे। वहीं द्वितीय बेंच की अध्यक्षता न्यायिक मजिस्ट्रेट महवा सीमा मीना ने की तथा सदस्य के रूप में अधिवक्ता तारेश शर्मा ने भूमिका निभाई। लोक अदालत में महवा ब्लॉक क्षेत्र की भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक, राजस्थान ग्रामीण बैंक और श्रीराम फाइनेंस कंपनी सहित बिजली विभाग से जुड़े प्री-लिटिगेशन मामलों का राजीनामे के आधार पर निस्तारण किया गया। केवल प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में ही करीब 89 लाख 22 हजार 696 रुपये की वसूली कर अवॉर्ड पारित किए गए, जबकि महवा स्थित तीनों न्यायालयों में लंबित 213 मामलों का भी आपसी सहमति से निपटारा किया गया। न्यायालय परिसर शनिवार को किसी कानूनी चौपाल जैसा नजर आया, जहां पक्षकारों ने अदालत की औपचारिक प्रक्रिया से हटकर आपसी सहमति को प्राथमिकता दी। लोक अदालत के सफल आयोजन में अधिवक्ता श्री अशोक वशिष्ठ और हरिसिंह मीना ने बैंक संबंधी प्रकरणों में महत्वपूर्ण पैरवी की। वहीं बार संघ महवा के अध्यक्ष घनश्याम अवस्थी, बार संरक्षक भगवत सिंह गुर्जर, प्रीतमचंद सैनी,मुकेश सिंह और प्रदीप सहित कई अधिवक्ताओं ने प्रकरणों के निस्तारण में सक्रिय सहयोग दिया। बिजली विभाग की ओर से अधिशाषी अभियंता उमराव सिंह महावर, सहायक अभियंता बृजेश कुमार मीना, महेश गुप्ता तथा मनोहरपुर क्षेत्र के अधिकारियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और विभागीय राजस्व वसूली को गति दी। लोक अदालत के दौरान न्यायालय कर्मचारियों ने भी व्यवस्थाओं से लेकर प्रकरणों के निष्पादन तक जिम्मेदारी के साथ कार्य किया।

# मंडावर में आज गूंजेंगे भगवान परशुराम के जयकारे, निकलेगी भव्य शोभायात्रा और बाइक रैली

## वृंदावन के वेदपाठियों के मंत्रोच्चार और सन्यासियों के हैरतअंगेज करतबों के बीच प्रतिभाओं का होगा सम्मान।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**




**मनोज खंडेलवाल ।** मरुधरा की माटी में आज आराध्य देव भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की ऐसी गूंज सुनाई देगी कि समूचा अंचल धर्ममय हो जाएगा। मंडावर ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में रविवार को आयोजित होने वाले इस विराट जन्मोत्सव को लेकर विप्र बंधुओं ने केसरिया बाना ओढ़ लिया है और आयोजन की सभी तैयारियां चाक-चौबंद कर ली गई हैं। समाज अध्यक्ष संतोष शर्मा के मुताबिक, इस धार्मिक महाकुंभ का शंखनाद सुबह 7:30 बजे महावीर नगर स्थित परशुराम मंदिर से होगा, जहां से सैकड़ों युवाओं की टोली डीजे की गर्जना और गगनभेदी जयकारों के साथ विशाल मोटरसाइकिल रैली निकालेगी। शहर के मुख्य चौक-चौराहों से गुजरती यह रैली विप्र एकता का संदेश देते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी, जिसके बाद दोपहर 3 बजे रामनिवास एंड कंपनी के आंगन से उस भव्य कलश व शोभायात्रा का प्रस्थान होगा, जिसका मंडावर की जनता को बेसब्री से इंतजार है। शोभायात्रा की भव्यता का आलम यह होगा कि इसमें वृंदावन गुरुकुल से पधारे विद्वान वेद पाठी ब्राह्मण जब एक लय में वेदमंत्रों का पाठ करेंगे, तो फिजाओं में दिव्यता घुल जाएगी। वहीं, नागा सन्यासियों द्वारा दिखाए जाने वाले पटेबाजी के हैरतअंगेज करतब और भगवान परशुराम की मनमोहक जीवंत झांकी हर किसी की नजरें अपनी ओर खींच लेगी। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर मंगल गान करती चलेंगी। गांधी चौक के ऐतिहासिक पड़ाव पर जब महवा विधायक राजेंद्र मीणा, आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा और ऑल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसडी शर्मा का भव्य अभिनंदन किया जाएगा, तब पूरा आसमान पुष्पवर्षा से सराबोर हो उठेगा। इस दौरान विधायक मीणा जनसमूह में जोश भरेंगे, जिसके बाद कारवां मंदिर पहुंचकर महाआरती में तब्दील होगा।

उत्सव की अगली कड़ी पंचायत धर्मशाला के प्रांगण में प्रतिभा सम्मान समारोह के रूप में सजेगी, जहां समाज की उन होनहार कलमों को स्मृत चिह्न देकर नवाजा जाएगा जिन्होंने 10वीं, 12वीं, स्नातक और वर्ष 2025 की सरकारी सेवाओं में सफलता का परचम लहराकर समाज का मान बढ़ाया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के बीच महिलाओं के लिए कूपन आधारित उपहार वितरण का विशेष आकर्षण रहेगा। इस गरिमामयी शाम में पूर्व मंत्री शैलेंद्र जोशी, राधेश्याम जैमिनी, हनुमान सहाय शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी और संत समाज की गौरवमयी उपस्थिति रहेगी। अंत में समाज के सामूहिक भोज (प्रसादी) के साथ इस भव्य उत्सव का समापन होगा।

# नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

## लोक अदालत में 9046 केसों का किया फैसला

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**




हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार आज अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष मैडम हर्षाली चौधरी के मार्गदर्शन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी की देखरेख में नारनौल, महेन्द्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। इस लोक अदालत में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मैडम सोनिका एवं नितिन राज, सिविल जज जूनियर डिवीजन मैडम वन्दना व मुकेश कुमार ने नारनौल में, सिविल जज जूनियर डिवीजन पीयूष ने कनीना में व महेन्द्रगढ़ में सिविल जज जुनियर डिवीजन परमिंदर सिंह न्यायधीशों की बैचों द्वारा फैसले किए गए। सीजेएम नीलम कुमारी ने बताया कि इस लोक अदालत में वाहन दुर्घटना मुआवजा केस, वैवाहिक मामले, वाहन चालान संबंधित मामले, जमीन अधिग्रहण मुआवजा से सम्बन्धित मामले, दीवानी मामले जैसे की किराया, बैंक ऋण, बच्चों व पत्नी के लिए भरण-पोषण, चैक बाउंस, साइबर क्राइम व राजीनामा योग्य फौजदारी मामलों को रखा गया। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में कुल 12720 केस निपटारे के लिए रखे गए जिनमें से 9046 केसों का फैसला किया गया। इस लोक अदालत में 21 केस मोटर वाहन दुर्घटना के रखे गए जिसमें कुल 1,33,63,000 रुपए का मुआवजा दिया गया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नारनौल द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 01282-250322 चलाया हुआ है जिस पर भी आमजन किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी फोन कर कानूनी सहायता ले सकते हैं।

# उदयपुरवाटी जल संघर्ष समिति की महत्वपूर्ण वार्षिक बैठक आज, पेयजल समस्याओं पर होगी व्यापक चर्चा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

उदयपुरवाटी जल संघर्ष समिति की वार्षिक बैठक रविवार सुबह 9:30 बजे चौफुल्या स्थित जगदम्बा टीवीएस मोटरसाइकिल एजेंसी, चौफुल्या-पौंख मेन रोड किशोरपुरा के पास समिति मुख्यालय पर आयोजित होगी। बैठक में उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं नगरपालिका क्षेत्र से बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी, सदस्य एवं ग्रामीण भाग लेंगे।समिति अध्यक्ष नथूराम कामरेड ने जानकारी देते हुए बताया कि दो वर्ष पूर्व उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के गांवों, विशेषकर पहाड़ी बेल्ट एवं नगरपालिका क्षेत्र के वार्डों में समिति की इकाइयों एवं कार्यकारिणियों का गठन किया गया था। अब सभी गांवों एवं वार्ड इकाइयों से संपर्क कर पेयजल व्यवस्था से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर बैठक में लाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं को संकलित कर प्रशासन तक पहुंचाया जा सके और आवश्यक सुधार एवं समाधान सुनिश्चित करवाए जा सकें। उन्होंने बताया कि बैठक में क्षेत्र में पेयजल संकट, जलापूर्ति व्यवस्था एवं विभागीय कार्यप्रणाली से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा कर आगामी रणनीति तय की जाएगी। समिति द्वारा बैठक में प्रमुख रूप से जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत वर्ष 2019 से 2025 तक हुए कार्यों में कथित अनियमितताओं एवं बड़े स्तर पर हुए घोटालों की जांच की मांग उठाई जाएगी। समिति का आरोप है कि इन कार्यों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी निष्पक्ष जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाई जानी चाहिए।इसके अलावा वर्ष 2019 से कोरोना काल के बाद गर्मियों में पेयजल टैंकर सप्लाई में हुई कथित मनमानी एवं अनियमितताओं की भी जांच की मांग की जाएगी। समिति का कहना है कि टैंकर आपूर्ति व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं रही और कई स्थानों पर जरूरतमंद लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया।

बैठक में वर्ष 2026 में बढ़ती गर्मी, हीटवेव एवं लू की स्थिति को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) द्वारा बनाए गए इमरजेंसी प्लान, कंटिन्जेंसी प्लान एवं टैंकर सप्लाई प्रक्रिया को सार्वजनिक करने की मांग पर भी विचार किया जाएगा। समिति का मानना है कि समय रहते प्रभावी योजना लागू नहीं की गई तो क्षेत्र में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो सकता है। इसके साथ ही अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति के अधीन संचालित उदयपुरवाटी जल संघर्ष समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव भी बैठक में कराया जाएगा। समिति के नियमों के अनुसार प्रत्येक दो वर्ष में चुनाव करवाना अनिवार्य है। वहीं निष्क्रिय पदाधिकारियों एवं सदस्यों के स्थान पर नए सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने पर भी चर्चा होगी। समिति पदाधिकारियों ने क्षेत्र के ग्रामीणों एवं सदस्यों से अधिकाधिक संख्या में बैठक में भाग लेकर अपने गांवों एवं वार्डों की पेयजल समस्याओं को मजबूती से उठाने की अपील की है।

# गुलाबी नगरी जयपुर में 13 मई को 'कर्म श्री अवार्ड-2026' से सम्मानित होंगे वरिष्ठ पत्रकार ब्रहम प्रकाश शर्मा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**



अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा आगामी 13 मई को राजस्थान की राजधानी जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस समापन महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन एवं विचार प्रजेंटेशन कार्यक्रम में देश-विदेश की प्रतिष्ठित हस्तियाँ भाग लेंगी। कार्यक्रम में 25 राष्ट्रों के सानिध्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मयोगियों को 'कर्म श्री अवार्ड-2026' से सम्मानित किया जाएगा। इसी क्रम में वरिष्ठ पत्रकार ब्रहम प्रकाश शर्मा, जयपुर को समाज उत्थान, जनकल्याण तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'कर्म श्री अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। पत्रकारिता एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति जे.के. राका, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट रिटायर्ड जजेज एसोसिएशन उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध कानूनविद डॉ. एच.सी. गणेशिया करेंगे, जिनके कर-कमलों से वरिष्ठ पत्रकार ब्रहम प्रकाश शर्मा का अभिनंदन किया जाएगा।

आयोजन में समाज सेवा, शिक्षा, न्याय, चिकित्सा, उद्योग, संस्कृति एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से गणमान्य अतिथि, समाजसेवी, शिक्षाविद, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियाँ भाग लेंगी, जिससे समारोह और अधिक भव्य एवं ऐतिहासिक बन जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के संयोजक डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन 'वसुधैव कुटुम्बकम्', 'ग्लोबल विलेज' एवं 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' की भावना को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 25 राष्ट्रों के राष्ट्रीय ध्वजों की उपस्थिति वैश्विक एकता, भाईचारे एवं समरसता का प्रतीक होगी। वरिष्ठ पत्रकार ब्रहम प्रकाश शर्मा को मिलने वाले इस सम्मान पर समाज के विभिन्न वर्गों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। आयोजकों के अनुसार यह महोत्सव केवल प्रतिभाओं के सम्मान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन, सांस्कृतिक जागरूकता और वैश्विक सद्भाव के संदेश को आगे बढ़ाने का भी सशक्त माध्यम बनेगा।

# राजस्थान पब्लिक स्कूल जखराना में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मदर्स डे


**भीम प्रज्ञा न्यूज.जखराना।**



राजस्थान पब्लिक स्कूल, जखराना में मातृ दिवस के अवसर पर भावपूर्ण एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर उत्साह, खुशी और भावनात्मक माहौल से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य माँ के प्रति सम्मान एवं बच्चों में पारिवारिक संस्कारों की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव एवं वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव (विद्या भारती पब्लिक स्कूल, निजामपुर) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर माताओं के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को अभिव्यक्त किया। वहीं छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपनी माताओं के लिए दी गई भावुक स्पीच ने उपस्थित अभिभावकों की आंखें नम कर दीं। बच्चों की मासूम अभिव्यक्तियों और प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों एवं गेम्स का आयोजन भी किया गया। 'अनफोल्ड द रील', 'बैलेंस द ग्लास' एवं 'बाइंड द दुपट्टा' जैसे रोचक खेलों में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यालय परिसर तालियों और खुशी के माहौल से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रॉ भी निकाले गए, जिसमें विजेता दो माताओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माताओं ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर एडवोकेट पीयूष यादव, डायरेक्टर डॉ. रविंद्रा यादव (विद्या भारती पब्लिक स्कूल, निजामपुर), आरपीएस स्कूल के प्राचार्य योगेश यादव, डायरेक्टर डॉ. सुभाष सिंह, पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. लोकेश कुमार, किड्स ब्लॉक इंचार्ज राधा चुग, आईटीआई प्राचार्य सतीश कुमार सहित समस्त स्टाफ सदस्य, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।विद्यालय प्रशासन ने सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माँ बच्चों की पहली गुरु होती है और ऐसे कार्यक्रम बच्चों एवं अभिभावकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं।

# पूर्व विधायक रामजीलाल गुर्जर के बेटे श्रीचन्द गुर्जर का निधन, राजनीतिक व सामाजिक जगत में शोक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.डूमोली खुर्द।**



खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रहे स्व. रामजीलाल गुर्जर के ज्येष्ठ पुत्र एवं सहकारी समिति के पूर्व चेयरमैन श्रीचन्द गुर्जर का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। राजनीतिक, सामाजिक एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्रीचन्द गुर्जर लंबे समय तक सामाजिक एवं सहकारी क्षेत्र से जुड़े रहे। उन्होंने सहकारी समिति के चेयरमैन के रूप में कार्य करते हुए क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों के हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाई थी। सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। उनके पिता रामजीलाल गुर्जर खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके थे और क्षेत्र की राजनीति में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं उनके छोटे भाई स्वर्गीय गुलझारी लाल भी डूमोली खुर्द ग्राम पंचायत के कई बार सरपंच रह चुके थे तथा ग्रामीण विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। श्रीचन्द गुर्जर के निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीणों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उनके निवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के लोगों ने इसे सामाजिक एवं राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी मीटिंग आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

माँ श्रीयादें कुम्हार समाज के तत्वाधान में आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए महावीर जांगिड़ भवन का चयन किया गया है। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक मुकेश कुमावत ने बताया कि यह समारोह कुम्हार समाज की ओर से 14 जून को महावीर जांगिड़ भवन में आयोजित होगा।उन्होंने बताया कि समारोह की तैयारियां समाज की टीम द्वारा जोर-शोर से की जा रही हैं। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह को सफल बनाने के लिए समाज के लोग लगातार बैठकें एवं तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता ताराचंद ठेकेदार, कमल कुमावत, सीकर एसपी ऑफिस में अकाउंटेड पवन चेजारा, पवन होदकासिया, पुरषोत्तम कुमावत मौजूद रहे।

# प्रयोगशाला सहायक (भूगोल) परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 74.58 प्रतिशत रही उपस्थिति

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**





राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित प्रयोगशाला सहायक (भूगोल) सीधी भर्ती परीक्षा शनिवार को जिलेभर में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य ने बताया कि परीक्षा के लिए जिले में कुल 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में पंजीकृत 11 हजार 864 अभ्यर्थियों में से 8 हजार 848 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 3 हजार 16 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 74.58 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि 10 मई को प्रयोगशाला सहायक एवं कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक (विज्ञान) की संयुक्त परीक्षा दो पारियों में आयोजित होगी। इसके लिए जिले में 51 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 17 हजार 40 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। विज्ञान विषय का पहला प्रश्न पत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरा प्रश्न पत्र दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# आरसीबी और मुंबई के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला, जीत की राह तलाशेगी बेंगलुरु

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच बेहद अहम मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच प्लेऑफ की रेस के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जहां अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश करेगी, वहीं मुंबई इंडियंस जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी। सीजन की शुरुआत में लगातार चार मुकाबले जीतकर शानदार प्रदर्शन करने वाली बेंगलुरु की टीम अब पिछले पांच मैचों में तीन हार झेल चुकी है, जिससे टीम की लय प्रभावित हुई है। ऐसे में अब टीम पर दबाव बढ़ गया है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फिलहाल 10 मैचों में 12 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद है, लेकिन लगातार हार ने टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही थी और केवल 155 रन बना सकी। वहीं लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आखिरी ओवर में 19 रन की जरूरत होने के बावजूद टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई और उसे करीबी हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों ने साफ कर दिया है कि टीम की बल्लेबाजी इस समय सबसे बड़ी कमजोरी बन चुकी है।

एक बार फिर विराट कोहली पर टीम की बल्लेबाजी का पूरा दारोमदार रहेगा। अनुभवी बल्लेबाज विराट लगातार रन बना रहे हैं, लेकिन दूसरे बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे पा रहे हैं। सलामी बल्लेबाज जैकब बेथेल अब तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं और लगातार छोटी पारियां खेलकर आउट हुए हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा का बल्ला भी इस सीजन शांत रहा है। ऐसे में मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाजों को जिम्मेदारी उठानी होगी।

दूसरी तरफ मुंबई इंडियंस की टीम शानदार लय में नजर आ रही है। पिछले मुकाबले में मुंबई ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 228 रन का विशाल लक्ष्य हासिल कर अपने इरादे साफ कर दिए थे। रोहित शर्मा ने चोट से वापसी करते हुए 44 गेंदों में 84 रन की तूफानी पारी खेली थी। अब एक बार फिर रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन की सलामी जोड़ी टीम को मजबूत शुरुआत देने की कोशिश करेगी। वहीं जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, कॉर्बिन बॉश और एएम गजनफर जैसे गेंदबाज बेंगलुरु के बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं।

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की फिटनेस भी चर्चा का विषय बनी हुई है। पीठ दर्द के कारण वह पिछले मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। हालांकि अब वह टीम के साथ जुड़ चुके हैं,




लेकिन अंतिम एकादश में उनकी वापसी फिटनेस रिपोर्ट पर निर्भर करेगी। ऐसे में यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए दबाव और रोमांच से भरपूर रहने वाला है।

# टीवी पर डेब्यू करेंगे रोहित शर्मा, टीजर रिलीज होते ही फैंस में बढ़ी उत्सुकता



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अब टेलीविजन की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। शुक्रवार को उनके टीवी डेब्यू का एक शानदार टीजर जारी किया गया, जिसमें 'हिटमैन' नए अंदाज में नजर आए। हालांकि शो का नाम और बाकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। बताया गया है कि इससे जुड़ी पूरी घोषणा जल्द ही सोनी ग्रुप कारपोरेशन के प्लेटफॉर्म पर की जाएगी।

इस समय रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2026 में खेल रहे हैं और शानदार फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अब तक पांच मैचों में 55.25 की औसत और 174 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 221 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से दो अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84 रन रहा है। साल 2007 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले रोहित शर्मा आज भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े सितारों में गिने जाते हैं। उन्होंने अब तक 508 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 42.33 की औसत से 20,109 रन बनाए हैं। उनके नाम 50 शतक और 111 अर्धशतक दर्ज हैं। रोहित ने भारत को दो आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और दो टी20 विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाई है। इनमें से एक-एक खिताब उन्होंने कप्तान के रूप में दिलाया।

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित शर्मा भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 159 मैचों में 4,231 रन बनाए, जिसमें पांच शतक और 32 अर्धशतक शामिल हैं। 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद उन्होंने इस फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। रोहित का टेस्ट और वनडे रिकॉर्ड भी बेहद शानदार रहा है। उन्होंने 67 टेस्ट मैचों में 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक शामिल हैं। वहीं वनडे क्रिकेट में उनके नाम 282 मैचों में 11,577 रन दर्ज हैं। रोहित वनडे इतिहास के इकलौते बल्लेबाज हैं, जिन्होंने तीन दोहरे शतक लगाए हैं। उनका 264 रन का व्यक्तिगत स्कोर आज भी वनडे क्रिकेट का सर्वोच्च स्कोर है।

आईपीएल में भी रोहित शर्मा का रिकॉर्ड शानदार रहा है। वह लीग इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 277 मैचों में 7,267 रन बनाए हैं। कप्तान के तौर पर उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच बार आईपीएल चैंपियन बनाया है। मैदान पर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के अलावा रोहित शर्मा अपने मजाकिया अंदाज और बेबाक टिप्पणियों के लिए भी काफी लोकप्रिय हैं। स्टंप माइक में रिकॉर्ड हुई उनकी कई बातें सोशल मीडिया पर वायरल होती रही हैं, जिसके चलते वह क्रिकेट के साथ-साथ 'मीम मटीरियल' के रूप में भी फैंस के बीच बेहद चर्चित रहते हैं।

# टीम इंडिया को मिलेगा नया स्पिन गुरु, सैराज बहुतुले जल्द संभाल सकते हैं बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की कोचिंग व्यवस्था में जल्द बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मुंबई के पूर्व लेग स्पिनर सैराज बहुतुले जल्द ही भारतीय टीम के साथ स्पिन बॉलिंग कोच के रूप में जुड़ सकते हैं। फिलहाल वह आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के स्पिन बॉलिंग कोच की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि मौजूदा सीजन खत्म होने के बाद वह फ्रेंचाइजी से अलग हो जाएंगे। बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक, बहुतुले ने अपने कोचिंग कौशल से भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को काफी प्रभावित किया है। दोनों के बीच इस भूमिका को लेकर सकारात्मक बातचीत हो चुकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि उनका कार्यकाल जून में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हो सकता है।

53 वर्षीय सैराज बहुतुले ने 2001 से 2003 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट और आठ वनडे मुकाबले खेले थे। हालांकि अंतरराष्ट्रीय करियर लंबा नहीं रहा, लेकिन घरेलू क्रिकेट और कोचिंग में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। खासतौर पर स्पिन गेंदबाजों के साथ उनके काम को काफी सराहा जाता है। यही वजह है कि गौतम गंभीर ने उन्हें टीम इंडिया के सपोर्ट स्टाफ में शामिल करने की सिफारिश की है। वर्तमान में भारतीय टीम की कोचिंग यूनिट में बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक, तेज गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल, फील्डिंग कोच टी. दिलीप और सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे शामिल हैं। अब तक टीम में कोई विशेषज्ञ स्पिन बॉलिंग कोच नहीं था, जिसे देखते हुए यह नियुक्ति अहम मानी जा रही है।

बहुतुले इससे पहले भी भारतीय टीम के साथ काम कर चुके हैं। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से जुड़े रहे हैं, जहां वीवीएस लक्ष्मण के नेतृत्व में उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों के साथ काम किया। पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भी 2023 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उन्हें भारतीय टीम से जोड़ने की विशेष सिफारिश की थी। श्रीलंका दौरे पर भी वह सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं। आईपीएल 2026 से पहले सैराज बहुतुले पंजाब किंग्स से जुड़े थे, जहां वह मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले वह राजस्थान रॉयल्स में राहुल द्रविड़ के साथ भी कोचिंग भूमिका निभा चुके हैं। माना जा रहा है कि भारतीय टीम के साथ जुड़ने के लिए उन्हें पंजाब किंग्स का कार्यकाल समय से पहले छोड़ना पड़ सकता है। हालांकि, भारतीय टीम में योगदान देने के अवसर को देखते हुए फ्रेंचाइजी उनके रास्ते में रुकावट नहीं डालेगी। फिलहाल बहुतुले ने इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# चेन्नई और लखनऊ के बीच करो या मरो की जंग

## - प्लेऑफ की उम्मीद बचाने उतरेगी सीएसके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 अब अपने बेहद रोमांचक और निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। ऐसे में हर मुकाबला टीमों के लिए करो या मरो जैसा बन गया है। रविवार को पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए यह मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि टीम को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अंक तालिका में फिलहाल छठे स्थान पर मौजूद चेन्नई की टीम अब कोई गलती करने के मूड में नहीं है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाएंट्स की स्थिति और भी खराब है। टीम अंक तालिका में सबसे नीचे चल रही है और उसकी प्लेऑफ की उम्मीदें लगभग खत्म होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स का प्रदर्शन इस सीजन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। टीम घरेलू और विदेशी दोनों मैदानों पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में सफल नहीं हो सकी। हालांकि चेपॉक में वापसी के बाद टीम को फिर से लय हासिल करने की उम्मीद है। बल्लेबाजी विभाग में काफी हद तक संजू सैमसन ने जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने कई मुकाबलों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स के




खिलाफ पिछले मैच में सैमसन ने 52 गेंदों में 87 रन की शानदार पारी खेली थी। वहीं कप्तान रुतुराज गायकवाड़ भी फॉर्म हासिल करने की कोशिश में जुटे हैं। मई की शुरुआत में उन्होंने लगातार दो अर्धशतक लगाकर वापसी के संकेत दिए थे। अब टीम को उनसे एक बड़ी कप्तानी पारी की उम्मीद रहेगी।

मध्यक्रम में डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा और जेमी ओवरटन की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण रहने वाली है। वहीं महेंद्र सिंह धोनी की फिटनेस अब भी चर्चा का विषय बनी हुई है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले लगी पिंडली की चोट के कारण वह अब तक एक भी मुकाबला नहीं खेल पाए हैं। हालांकि उन्होंने नेट्स में अभ्यास शुरू कर दिया है, लेकिन अंतिम एकादश में उनकी वापसी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। धोनी की गैरमौजूदगी ने टीम के अनुभव और फिनिशिंग क्षमता को प्रभावित किया है।

दूसरी तरफ लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए यह सीजन बेहद निराशाजनक रहा है। टीम ने 10 मुकाबलों में सिर्फ तीन जीत दर्ज की है। कप्तान ऋषभ पंत का बल्ला भी इस सीजन खामोश रहा है। हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उन्होंने तूफानी पारी खेली थी, लेकिन निरंतरता की कमी साफ नजर आई। पिछले मुकाबले में मिचेल मार्श ने 56 गेंदों में 111 रन बनाकर टीम को शानदार जीत दिलाई थी। अब लखनऊ की टीम उसी आत्मविश्वास के साथ चेन्नई को चुनौती देने उतरेगी। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद और दिग्वेश राठी पर टीम की बड़ी जिम्मेदारी रहने वाली है।

# प्रिंस यादव की रफ्तार ने जीता दिल, अंबाती रायुडू बोले– जल्द टीम इंडिया में मिलेगा मौका

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव अपनी धारदार गेंदबाजी से लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्होंने जिस तरह से मैच का रुख पलटा, उसने क्रिकेट विशेषज्ञों को भी प्रभावित कर दिया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने तो यहां तक कह दिया कि प्रिंस यादव जल्द ही भारतीय टीम के लिए खेलते नजर आ सकते हैं। रायुडू ने उनके प्रदर्शन को बेहद खास बताते हुए कहा कि इस युवा गेंदबाज में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की पूरी क्षमता दिखाई देती है। अंबाती रायुडू ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रिंस यादव का आत्मविश्वास और गेंदबाजी का तरीका उन्हें बाकी युवा गेंदबाजों से अलग बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रिंस का रन–अप देखकर ही समझ आता है कि वह बल्लेबाज पर दबाव बनाने के इरादे से गेंदबाजी करते हैं। उनकी सबसे बड़ी ताकत यह है कि वह लगातार स्टंप लाइन पर गेंद डालते हैं और बल्लेबाजों को गलती करने के लिए मजबूर कर देते हैं। रायुडू ने खास तौर पर विराट कोहली को आउट करने वाली गेंद की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह गेंद टूर्नामेंट की सबसे शानदार गेंदों में से एक थी। गेंद आखिरी समय में जिस तरह अंदर की ओर स्विंग हुई और सीधे स्टंप्स से टकराई, उसे खेलना किसी भी बल्लेबाज के लिए मुश्किल था। रायुडू ने कहा कि दुनिया का कोई भी बल्लेबाज उस गेंद पर संघर्ष करता। उन्होंने यह भी कहा कि विराट कोहली जैसे बड़े बल्लेबाज को क्लीन बोल्ड करना किसी युवा गेंदबाज के लिए बेहद खास उपलब्धि होती है। मुकाबले में प्रिंस यादव ने चार ओवर में 33 रन देकर तीन अहम विकेट अपने नाम किए। उन्होंने विराट कोहली के अलावा देवदत्त पडिक्कल और जितेश शर्मा को भी पवेलियन भेजा। उनकी शानदार गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुकाबला 9 रन से जीत लिया।

# इटेलियन ओपन में बड़ा उलटफेर, युवा प्रिज़्मिक ने नोवाक जोकोविच को बाहर किया

**रोम (एजेंसी)।** इटेलियन ओपन 2026 में टेनिस जगत को बड़ा झटका लगा जब छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच दूसरे दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए। क्रोएशिया के युवा खिलाड़ी डिनो प्रिज़्मिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी सर्बियाई स्टार को तीन सेटों तक चले मुकाबले में 2-6, 6-2, 6-4 से हराकर सनसनी फैला दी। इस जीत के साथ प्रिज़्मिक ने टूर्नामेंट के अंतिम-32 में जगह बना ली और अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। मुकाबले की शुरुआत में ऐसा लग रहा था कि नोवाक जोकोविच आसानी से मैच पर कब्जा जमा लेंगे। पहले सेट में उन्होंने अपने अनुभव और क्लास का शानदार प्रदर्शन किया। बेहतरीन ड्रॉप शॉट, तेज फोरहैंड विनर्स और सटीक सर्विस की बदौलत जोकोविच ने शुरुआती सेट 6-2 से अपने नाम किया। उस समय प्रिज़्मिक दबाव में नजर आ रहे थे और जोकोविच पूरी तरह मैच पर नियंत्रण बनाए हुए थे। लेकिन दूसरे सेट



से मुकाबले की तस्वीर पूरी तरह बदल गई।

दूसरे सेट में डिनो प्रिज़्मिक ने आक्रामक टेनिस खेलना शुरू किया। उन्होंने शुरुआत से ही जोकोविच पर दबाव बनाया और लगातार शानदार रिटर्न के दम पर तेजी से 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरी ओर जोकोविच की पहली सर्विस कमजोर पड़ने लगी, जिसका पूरा फायदा युवा क्रोएशियाई खिलाड़ी ने उठाया। प्रिज़्मिक ने दूसरे सेट को 6-2 से जीतकर मुकाबले में जोरदार वापसी की और जोकोविच को बैकफुट पर धकेल दिया।

तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। हर अंक के लिए लंबी रैलियां चलीं और मुकाबला रोमांचक होता गया। हालांकि पांचवें गेम में प्रिज़्मिक ने महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल कर लिया, जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। इसके बाद उन्होंने संयम बनाए रखा और 6-4 से सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। युवा खिलाड़ी की इस जीत ने पूरे टेनिस जगत को चौंका दिया।

हार के बाद नोवाक जोकोविच ने स्वीकार किया कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं खेल सके। उन्होंने कहा कि उनका खेल बेहद खराब नहीं था, लेकिन वह कई मौकों पर आधा कदम पीछे रह गए। साथ ही उन्होंने डिनो प्रिज़्मिक की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि युवा खिलाड़ी ने बेहद उच्च स्तर का टेनिस खेला और खासकर उसके फोरहैंड में काफी सुधार देखने को मिला। अब टूर्नामेंट में सबकी निगाहें दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी यानिक सिनर पर होंगी, जो शनिवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। वहीं महिला वर्ग में चीन की झेंग किनवेन का मुकाबला पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको से होगा।

# नेमार अब भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल : लियोनेल मेसी

ब्यूनस आयर्स (ईएमएस)। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने ब्राजील के स्टार खिलाड़ी नेमार की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि वह आज भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं। मेसी ने उम्मीद जताई कि नेमार अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप में खेलते नजर आएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मेसी ने 'लो डेल पोलो शो' में बातचीत के दौरान कहा कि हर कोई चाहता है कि विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हिस्सा लें और नेमार हमेशा उन



खिलाड़ियों में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि ब्राजील और फुटबॉल जगत के लिए नेमार का महत्व बहुत बड़ा है, इसलिए उन्हें विश्व कप में देखना शानदार होगा। मेसी ने स्वीकार किया कि नेमार के साथ उनकी गहरी दोस्ती के कारण वह इस मामले में पूरी तरह निष्पक्ष नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि नेमार उनके करीबी दोस्त हैं और वह चाहते हैं कि उनके साथ अच्छी चीजें हों, क्योंकि वह एक बेहतरीन इंसान हैं और इसके हकदार भी हैं। मेसी ने उम्मीद जताई कि नेमार पूरी तरह फिट होकर विश्व कप में वापसी करेंगे। अर्जेंटीना के कप्तान ने नेमार के व्यक्तित्व की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि नेमार में एक अलग तरह का करिश्मा है और वह दिखावा नहीं करते। मेसी के अनुसार नेमार अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीते हैं और इस बात की ज्यादा चिंता नहीं करते कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। यही बात उन्हें बेहद स्वाभाविक और खास बनाती है। आठ बार बैलन डीओर जीत चुके मेसी ने यह भी माना कि अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप खिताब का बचाव करना आसान नहीं होगा। उन्होंने स्पेन, फ्रांस और ब्राजील को टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में गिना। मेसी ने कहा कि विश्व कप हमेशा कठिन प्रतियोगिता होती है क्योंकि इसमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेती हैं। उन्होंने माना कि अर्जेंटीना को उम्मीद जरूर रखनी चाहिए, लेकिन यह भी स्वीकार करना होगा कि कई टीमें बेहद मजबूत स्थिति में हैं। नेमार और मेसी ने लंबे समय तक क्लब फुटबॉल में साथ खेला है। दोनों 2013 से 2017 तक एफसी बार्सिलोना के लिए खेले, जबकि 2021 से 2023 तक दोनों पेरिस सेंट–जर्मेन फुटबॉल क्लब में भी टीम साथी रहे। फिलहाल नेमार चोटों से जूझ रहे हैं। अपने बचपन के क्लब सांतोस फुटबॉल क्लब में वापसी के बाद से वह लगातार फिटनेस समस्याओं से परेशान रहे हैं। अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान उनके एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट में चोट लगी थी, जिसके बाद से वह ब्राजील की राष्ट्रीय टीम से बाहर चल रहे हैं।

# ब्रूनो फर्नांडिस और खादिजा शॉ बने इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर, प्रतिष्ठित सम्मान पर जमाया कब्जा


**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड में खेल रहे फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए दिए जाने वाले प्रतिष्ठित फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन पुरस्कार में इस बार मैनचेस्टर यूनाइटेड के कप्तान ब्रूनो फर्नांडिस और मैनचेस्टर सिटी विमेंस की स्टार स्ट्राइकर खादिजा शॉ ने बाजी मारी है। पुरुष वर्ग में ब्रूनो फर्नांडिस को साल का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुना गया, जबकि महिला वर्ग में 'बनी' शॉ के नाम से मशहूर खादिजा शॉ ने लगातार दूसरी बार यह सम्मान हासिल कर इतिहास रच दिया। फुटबॉल जगत में इन दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि को बेहद खास माना जा रहा है।

पुर्तगाल के स्टार मिडफील्डर ब्रूनो फर्नांडिस ने इस सीजन मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए शानदार प्रदर्शन किया। पूरे सीजन में उन्होंने गोल करने के साथ-साथ गोल बनवाने में भी अहम भूमिका निभाई और कुल 19 गोल योगदान के जरिए टीम को कई मुश्किल मुकाबलों में जीत दिलाई। क्लब के लिए यह सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन ब्रूनो लगातार टीम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी साबित हुए। उनकी कप्तानी और शानदार नेतृत्व क्षमता ने मैनचेस्टर यूनाइटेड की यूरोपीय प्रतियोगिताओं में जगह बनाने की उम्मीदों को भी जिंदा रखा। यही वजह रही कि फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन के 900 से ज्यादा सदस्यों में से 45 प्रतिशत वोट ब्रूनो फर्नांडिस के पक्ष में पड़े।

ब्रूनो ने इस पुरस्कार की दौड़ में इंग्लैंड के डेक्लान राइस और नॉर्वे के स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा। वह 2010 में वेन रूनी के बाद यह सम्मान जीतने वाले मैनचेस्टर यूनाइटेड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। यह पुरस्कार वर्ष 1947 से दिया जा रहा है और इसे दुनिया के सबसे पुराने व्यक्तिगत फुटबॉल सम्मानों में गिना जाता है।

महिला वर्ग में खादिजा शॉ ने एक बार फिर अपनी जबरदस्त गोल स्कोरिंग क्षमता से सभी को प्रभावित किया। मैनचेस्टर सिटी विमेंस की इस स्टार स्ट्राइकर ने 21 मुकाबलों में 19 गोल दागकर टीम को 10 साल बाद महिला सुपर लीग का खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। उनकी शानदार फॉर्म पूरे सीजन चर्चा में रही। शॉ ने इस रेस में एलेसिया रूसो और लॉरेन जेम्स जैसी स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा। लगातार दूसरे साल यह पुरस्कार जीतकर उन्होंने महिला फुटबॉल में अपनी मजबूत पहचान और भी पुख्ता कर ली है।

फुटबॉल विशेषज्ञों का मानना है कि ब्रूनो फर्नांडिस और खादिजा शॉ ने पूरे सीजन जिस निरंतरता और दबाव में प्रदर्शन किया, उसने उन्हें इस सम्मान का सबसे बड़ा दावेदार बना दिया। दोनों खिलाड़ियों ने साबित किया कि टीम के लिए लगातार योगदान और निर्णायक मौकों पर प्रदर्शन ही किसी खिलाड़ी को महान बनाता है।



# आईपीएल के बीच अर्शदीप सिंह की व्लॉगिंग पर बीसीसीआई की रोक,ई–सिगरेट विवाद के बाद लिया फैसला

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के बीच पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह एक नए विवाद में घिर गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन्हें सोशल मीडिया के लिए व्लॉगिंग बंद करने का निर्देश दिया है। यह कदम उनके टीम साथी युजवेंद्र चहलद्द से जुड़े कथित ई–सिगरेट विवाद के बाद उठाया गया है। दरअसल, अर्शदीप सिंह के हालिया व्लॉग के एक हिस्से को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा शुरू हो गई थी। यूजर्स ने दावा किया कि पंजाब किंग्स की टीम जब अहमदाबाद से हैदराबाद जा रही थी, तब फ्लाइट के अंदर युजवेंद्र चहल ई–सिगरेट का इस्तेमाल करते दिखाई दिए। हालांकि इस मामले में अब तक न तो खिलाड़ियों की ओर से और न ही फ्रेंचाइजी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई ने अर्शदीप सिंह को टूर्नामेंट के बाकी बचे मुकाबलों के दौरान किसी भी तरह के व्लॉग या बिहाइंड–द–सीन वीडियो पोस्ट करने से बचने को कहा है। बोर्ड नहीं चाहता कि ड्रेसिंग रूम या टीम के निजी माहौल से जुड़ी कोई ऐसी चीज सार्वजनिक हो, जिससे विवाद पैदा हो या लीग की छवि प्रभावित हो। आईपीएल 2026 में ई–सिगरेट से जुड़ा यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले रेयान पराग भी विवादों में आ चुके हैं।



# क्या शादी कर रही हैं हुमा कुरैशी?

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी और रचित सिंह की शादी की चर्चा काफी समय से हो रही है। ताजा जानकारी के अनुसार सगाई के बाद अब दोनों जल्द ही शादी करने वाले हैं। दोनों के बीच रिश्ते की अफवाहें काफी समय से चल रही थीं। वे कई बार सार्वजनिक जगहों पर साथ दिख चुके हैं।

### कब करेंगे हुमा और रचित शादी?

एक खबर के अनुसार, हुमा और रचित दोनों ने सितंबर 2025 में अमेरिका में निजी समारोह में सगाई कर ली थी। ताजा जानकारी के अनुसार, वे इसी साल अक्तूबर के आखिर या फिर नवंबर में शादी कर सकते हैं। शादी की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं, हालांकि, दोनों की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

कौन होगा शादी में शामिल?

हुमा और रचित की शादी निजी तरीके से होगी, जिसमें सिर्फ परिवार के अलावा करीबी सदस्य और दोस्त ही शामिल होंगे। इसके बाद मुंबई में फिल्म जगत के लोगों के लिए एक भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा।

रचित सिंह ने हाल ही में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'थामा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। हुमा ने इंस्टाग्राम पर रचित की तारीफ करते हुए लिखा था कि वह बनारस से मुंबई खाली हाथ आए थे। उन्होंने एक्टिंग कोच बनकर बहुत मेहनत की और आज उनकी मेहनत रंग ला रही है। हुमा ने कहा कि 'थामा' रचित की लगन और मेहनत का प्रमाण है और आगे उनके लिए और भी बड़ी फिल्में आने वाली हैं।

### 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी हुमा कुरैशी

हुमा को आखिरी बार फिल्म 'सिंगल सलमा' में देखा गया था। हुमा की अगली फिल्म 'टॉक्सिक' है। 'टॉक्सिक' का निर्देशन गीतु मोहनदास ने किया है। 'टॉक्सिक' में यश मुख्य भूमिका में हैं। हुमा के अलावा 'टॉक्सिक' में नयनतारा और कियारा आडवाणी भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म 'टॉक्सिक' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# तब्बू ने दी फिल्म 'किंग 100' पर बड़ी जानकारी

अभिनेत्री तब्बू जल्द नई फिल्म 'किंग 100' मे नजर आएंगी। हाल ही में अभिनेत्री ने सोशल मीडिया के जरिए फिल्म के पहले शेड्यूल के खत्म होने की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। जिसमें एक्ट्रेस अपने क्रू मेंबर्स के साथ मस्ती करती दिख रही हैं।

### क्रू मेंबर्स के साथ खिंचवाई सेल्फी

तब्बू इन दिनों आगामी फिल्म 'किंग 100' को लेकर व्यस्त हैं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने कुछ फोटोज शेयर किए हैं जिनमें वह अपनी फिल्म के क्रू के साथ दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म की शूटिंग की जानकारी भी दी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शेड्यूल 1 का अंत'। यह इस बात का संकेत है कि फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है।

### तब्बू और नागार्जुन फिर आएंगे साथ



आगामी फिल्म 'किंग 100'से तब्बू साउथ अभिनेता नागार्जुन के साथ लगभग 30 साल बाद नजर आएंगी। आखिरी बार एक्ट्रेस नागार्जुन के साथ साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में काम किया था। बीते दिनों तब्बू ने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म की जानकारी दी थी। हालांकि फिल्म की कहानी और बाकी कास्ट से जुड़ी कोई जानकारी अभी तक साझा नहीं की गई।

### तब्बू और नागार्जुन का वर्कफ्रंट

तब्बू ने हाल ही में रिलीज हुई हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में अभिनय किया। फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है। फिल्म में अक्षय कुमार परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। 'भूत बंगला' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। वहीं साउथ सुपरस्टार नागार्जुन को आखिरी बार रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था। फिल्म 2025 में रिलीज हुई थी। जबकि नागार्जुन की आखिरी हिंदी फिल्म निर्देशक अयान मुखर्जी की 'ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन - शिवा' है, जो 2022 में रिलीज हुई थी।

# आठ घंटे शिफ्ट की बहस के बीच दीपिका ने लंबे समय तक काम करने को सही ठहराया




इंडस्ट्री में बीते कुछ समय से आठ घंटे शिफ्ट का मुद्दा गरमाया हुआ है। इसकी शुरुआत तब हुई, जब दीपिका पादुकोण ने फिल्म 'स्पिरिट' के मेकर्स के सामने कथित तौर पर आठ घंटे की वर्किंग शिफ्ट की शर्त रखी। सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। तब से तमाम हीरो-हीरोइन इस विषय पर बात कर चुके हैं और अपने-अपने मत दे चुके हैं। आठ घंटे की शिफ्ट की बहस के बीच हाल ही में चर्चित टीवी एक्ट्रेस दीपिका सिंह लंबे काम के घंटों को सही ठहराती दिखीं।

अभिनेत्री दीपिका सिंह हाल ही में एक इवेंट में शामिल हुईं, जहां उन्होंने पैपराजी से बात करते हुए लंबे घंटों तक काम करने की अपनी आदत पर बात की। दीपिका ने कहा, 'मैंने जब इंडस्ट्री जॉइन की तब मैं 24 साल की थी। अब मैं जितना काम करूं, उतना कम लगता है'। उन्होंने आगे कहा, 'मैं 12 घंटे काम करती हूं। अगर मुझे लगता है कि सीन बचे हैं तो 13 से 14 घंटे भी काम करती हूं'।

### यह क्रिएटिव फील्ड है यहां टाइम लगता है

दीपिका सिंह ने बताया, 'मुझे काम का इतना जुनून है कि मुझे उसमें टाइम की चीजें नजर नहीं आतीं। मुझे लगता है कि कम घंटे देंगे तो क्वालिटी कम हो जाएगी। डायरेक्टर को टाइम नहीं मिलेगा, सीन को उस तरह शूट करने के लिए'। एक्ट्रेस से जब पूछा गया कि लोगों की शिकायत होती है कि 12-12 घंटे काम होता है, इस पर क्या कहेंगी? तब दीपिका ने कहा, 'जब फैमिली को टाइम देना होता है, तो परेशानी होती है। लेकिन, यह समझना होगा कि यह क्रिएटिव फील्ड है, इसमें टाइम लगता ही है। हमारे साथ क्या है कि जब काम होता है तो बहुत होता है। नहीं होता तो बिल्कुल नहीं होता'।

दीपिका ने बताया, 'जब कभी मुझे लगता है कि काम ज्यादा हो रहा है तो मैं अपना पहला दिन याद करती हूं कि मैं ट्रेन से आई थी और अब फ्लाइट से जाती हूं। यही सोच लेती हूं कि अभी तो बहुत कुछ पाना है। अभी से हार जाऊंगी तो आगे क्या करूंगी'।



# मेरे लिए महत्वपूर्ण फिल्म है 'डॉन 3'

निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की 'डॉन 3' पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली 'डॉन 3' अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है।

हालांकि, इस सबके बावजूद फरहान अख्तर का कहना है कि फिल्म बंद नहीं हुई है और ये ऐसी कहानी है, जिसे वो जरूर बनाना चाहते हैं। फरहान इस पूरे विवाद के दौरान सीख मिलने की भी बात कही।

बातचीत में फरहान अख्तर ने स्वीकार किया कि पिछले कुछ साल खासतौर पर चुनौतीपूर्ण रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब उन्होंने अप्रत्याशित की उम्मीद करना सीख लिया है। जब तक फिल्म बन न जाए, तब तक किसी भी बात को निश्चित नहीं माना जा सकता। 'डॉन 3' को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं। यह मेरे लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है।


### ऋतिक को फिल्म में लेना चाहते थे मेकर्स

खबरों के अनुसार, रणवीर सिंह ने दावा किया कि उन्होंने स्क्रिप्ट से संतुष्ट न होने के कारण प्रोजेक्ट छोड़ा। उनकी ओर से बाद में ये भी आरोप लगाया गया कि फरहान अख्तर ऋतिक रोशन को फिल्म में लेना चाहते थे, लेकिन धुरंधर की सफलता ने उनका इरादा बदल दिया। हालांकि, ऋतिक रोशन इन दावों को खारिज कर चुके हैं। उनका कहना है कि उन्हें कभी भी 'डॉन 3' के लिए संपर्क ही नहीं किया गया।

### रणवीर के अचानक फिल्म छोड़ने पर हुआ विवाद

साल 2023 में फरहान अख्तर ने 'डॉन 3' की घोषणा की थी। जिसमें इस बार शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह लीड एक्टर के तौर पर शामिल हुए थे। रणवीर को फिल्म में लेने पर फरहान ने इसे एक नए युग की शुरुआत बताया था। लेकिन फिल्म को लेकर विवाद तब शुरू हुआ, जब रणवीर सिंह ने फिल्म छोड़ दी। फरहान अख्तर के प्रोडक्शन बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट ने कथित तौर पर प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया से संपर्क किया है और दावा किया कि रणवीर के अंतिम समय में फिल्म छोड़ने से लगभग 40 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मेकर्स ने रणवीर से हर्जाने की मांग भी की है।






# इन अपकमिंग फिल्मों में कलाकार निभाएंगे डबल रोल

**भारतीय सिनेमा में डबल रोल खूब पसंद किया जाने वाला फॉर्मूला है। 'जुड़वा' (1997) में सलमान खान के डबल रोल को खूब पसंद किया गया। 'जवान' (2023) में भी शाहरुख खान के डबल रोल को काफी सराहना मिली। हाल ही में अक्षय कुमार और वामिका गब्बी ने फिल्म 'भूत बंगला' में डबल रोल किया है जिसे दर्शक पसंद कर रहे हैं। इस खबर में हम आपको बताने वाले हैं कि वह कौन सी अपकमिंग फिल्में हैं, जिनमें कलाकार डबल रोल करने वाले हैं।**

## टॉक्सिक

4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें एक्टर दो अलग-अलग लुक्स में नजर आए हैं। वह एक पिता और उसके हमशक्ल बेटे का डबल रोल निभा रहे हैं। 'राया' नाम का एक किरदार ज्यादा उम्रदराज लगता है। जबकि दूसरे, कम उम्र वाले किरदार को 'टिकट' कहा गया है। इसमें कियारा आडवाणी, नयनतारा, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी भी नजर आएंगी।

## शक्ति शालिनी

मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' से स्टार बनने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा अब 'शक्ति शालिनी' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। चर्चा है कि यह फिल्म अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई पर आधारित




होगी। इसमें अनीत दो किरदार निभा रही हैं, एक शक्तिशाली रक्षक 'शक्ति' और दूसरी बदला लेने वाली आत्मा 'शालिनी'। इसमें एक्टर विशाल जेठवा भी नजर आएंगे। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज हो सकती है।

## रामायण और रामायण 2

हाल ही में रणबीर कपूर ने बताया कि वह 'रामायण' में डबल रोल निभाते नजर आएंगे। वह भगवान राम और भगवान परशुराम, दोनों का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म में साई पल्लवी सीता के किरदार में और




यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। यह फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। 'रामायण' पार्ट 1 दिवाली 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। वहीं 'रामायण' पार्ट 2 अगले साल दिवाली 2027 को रिलीज होगी।

## एनिमल पार्क

फिल्म 'एनिमल' (2023) में रणबीर कपूर ने रणविजय का किरदार निभाया था। फिल्म के आखिर में, अजीज हक नाम का एक और किरदार नजर आया था। इसने रणविजय जैसा दिखने के लिए प्लास्टिक सर्जरी करवाई थी। फिल्म के सीक्वल 'एनिमल पार्क' में रणबीर, रणविजय और अजीज, दोनों का डबल रोल निभाएंगे। रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी भी इस फिल्म में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग 2027 में शुरू होने वाली है।


## कल्कि 2898 AD पार्ट 2

'कल्कि 2898 AD (2024) के क्लाइमेक्स में खुलासा हुआ था कि प्रभास का किरदार भैरव, महाभारत के कर्ण का पुनर्जन्म है। फिल्म के सीक्वल 'कल्कि 2898 AD: पार्ट 2' में, प्रभास कर्ण और भैरव, दोनों किरदारों में नजर आएंगे। इसमें दीपिका पादुकोण की जगह साई पल्लवी को लिया गया है। 'कल्कि 2898 AD: पार्ट 2' के 2026 के आखिर या 2027 में रिलीज होने की उम्मीद है।



## मोहब्बत की निशानी ताजमहल के शाही दरवाजे के दरकने लगे पत्थर

**-पिछले महीने आंधी-बारिश में दो बार गेट के पत्थर टूटकर गिरे**



आगरा (एजेंसी)। दुनिया की सबसे खूबसूरत इमारतों में शामिल ताजमहल करीब 373 साल पुराना हो चुका है। इस स्मारक के शाही दरवाजे के पत्थर अब दरकने लगे हैं। दरवाजे की दीवारों में कई जगह दरारें आ गई हैं। कुछ पत्थर अपनी जगह से खिसक गए हैं। शाही गेट अब आंधी और बारिश भी नहीं झेल पा रहा। पिछले महीने आंधी-बारिश में दो बार गेट के पत्थर टूटकर गिर चुके हैं। इससे पहले भी ताजमहल परिसर के कई हिस्सों में पत्थर और जालियां टूट चुकी हैं। मुख्य मकबरे के पीछे यमुना नदी की तरफ लगी जालीदार रेलिंग भी तेज बारिश और आंधी नहीं झेल पाई। साल 2020 में यह रेलिंग गिर गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 7 अप्रैल 2026 को आगरा में तेज आंधी और बारिश हुई। इस दौरान ताजमहल के शाही दरवाजे के सफेद और लाल पत्थर निकलकर गिर गए। गनीमत रही कि कोई पर्यटक इसकी चपेट में नहीं आया। 30 अप्रैल 2026 को आगरा में हल्की आंधी और बारिश हुई। इसके बावजूद शाही दरवाजे के सफेद पत्थर के 5 टुकड़े टूटकर नीचे गिर गए। शाही दरवाजा ताजमहल का मुख्य प्रवेश द्वार है। ताजमहल के पश्चिमी और पूर्वी गेट से प्रवेश करने के बाद पर्यटक फोरकोर्ट में पहुंचते हैं। यहां से इसी शाही दरवाजे के जरिए मुख्य मकबरे तक जाते हैं। पहले दक्षिणी गेट से आने वाले पर्यटक भी इसी दरवाजे के सामने पहुंचते थे। हालांकि, साल 2018 से दक्षिणी गेट बंद है। शाही दरवाजा भी उतना ही पुराना माना जाता है, जितना ताजमहल का मुख्य मकबरा।

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में आग : बड़ा हादसा टला, सुरक्षा पर उठे सवाल

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान सरकार के शासन सचिवालय परिसर में शनिवार दोपहर तब हड़कंप मच गया जब सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर) के न्यूज सेक्शन में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार देख परिसर में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी और दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। डीआईपीआर के उच्चाधिकारियों ने न्यूज सेक्शन का जायजा लिया है और अब नुकसान का आकलन किया जा रहा है, जिसमें कंप्यूटर, तकनीकी उपकरण और महत्वपूर्ण दस्तावेजों के जलने की आशंका है। गौर करने वाली बात यह है कि सचिवालय में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठीक एक साल पहले भी इसी डीआईपीआर कार्यालय के एक कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी, जिसमें कुछ जरूरी फाइलें और फर्नीचर जल गए थे। बार-बार एक ही विभाग में बिजली संबंधी गड़बड़ी से आग लगना, शासन सचिवालय की पुरानी वायरिंग और अग्नि सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा पर गंभीर सवालिया निशान खड़े करता है। अधिकारियों ने विद्युत व्यवस्था और अग्नि सुरक्षा इंतजामों की नए सिरे से समीक्षा करने की बात कही है।

## अमरनाथ यात्रा 2026 : ट्रेनों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, कंफर्म टिकट मिलना हुआ मुश्किल

भोपाल (एजेंसी)। अमरनाथ यात्रा 2026 को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिख रहा है। यात्रा शुरू होने से पहले ही भोपाल से जम्मू जाने वाली ट्रेनों में सीटों की भारी मांग के कारण कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो रहा है। हालात ये हो गई हैं कि यात्रा की तारीख से 60 दिन पहले टिकट बुक कराने पर भी यात्रियों को वेटिंग का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे के नए नियमों के अनुसार 1 नवंबर 2024 से एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी) को 120 दिन से घटाकर 60 दिन किया गया है। इसके चलते अमरनाथ यात्रा के दौरान टिकटों की मांग और अधिक बढ़ गई है। भोपाल से जम्मू जाने वाली प्रमुख ट्रेनों में मालवा एक्सप्रेस (12919), झेलम एक्सप्रेस (11077) और अंदमान एक्सप्रेस (16031) में सीटों की उपलब्धता बेहद कम है। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक चलेगी। यात्रा अवधि को देखकर श्रद्धालुओं ने रेलवे से भोपाल से जम्मू के लिए विशेष ट्रेनें चलाने की मांग की है, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और यात्रा सुगम हो सके। यात्रा को लेकर आईआरसीटीसी और अन्य टूर ऑपरेटरों द्वारा विशेष यात्रा पैकेज भी पेश किए जा रहे हैं। हालांकि, यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण ये पैकेज भी तेजी से भर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने व्यापारी की याचिका खारिज की : पीड़ित-केंद्रित न्याय पर जोर

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने दुबई निवासी कारोबारी समीर अग्रवाल की उस याचिका को खारिज किया हैं, जिसमें उन्होंने उत्तराखंड, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में उनके खिलाफ दर्ज 24 आपराधिक मामलों को दिल्ली स्थानांतरित कर एक साथ जोड़ने की मांग की थी। अपने फैसले में शीर्ष अदालत ने पीड़ित-केंद्रित न्याय के महत्व पर विशेष जोर दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सवाल किया कि क्या शीर्ष अदालत को आरोपी की सुविधा के लिए उसके कथित धोखाधड़ी और जालसाजी के पीड़ितों को विभिन्न राज्यों से दिल्ली आने के लिए मजबूर करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पूर्व के उन फैसलों पर नाराजगी जाहिर की, जिसमें बड़े धोखाधड़ी मामलों की प्राथमिकियों को समेकित किया गया था, यह कहते हुए कि अक्सर इसतरह के निर्णय पीड़ितों के बजाय आरोपियों को लाभ पहुंचाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि धोखाधड़ी का हर मामला विशिष्ट होता है, क्योंकि इसमें पीड़ित और धोखाधड़ी की राशि अलग-अलग होती है, भले ही आरोपी एक ही हो। पीठ ने टिप्पणी की कि जांच के लिए प्राथमिकियों को समेकित नहीं किया जा सकता, और इसतरह के धोखाधड़ी के शिकार लोग अक्सर न्यायिक प्रणाली के अदृश्य शिकार भी होते हैं। चीफ जस्टिस ने सुझाव दिया कि यदि कारोबारी उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री में 1,000 करोड़ रुपये जमा करे, ताकि पीड़ितों को दिल्ली आने के लिए यात्रा और ठहरने का खर्च दिया जा सके, तब इस पर विचार किया जा सकता है।

# राजपूत सभा महवा-मंडावर की मासिक बैठक में मनाई महाराणा प्रताप जयंती, समाजबंधुओं ने भरी देशप्रेम की हुंकार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**



**मनोज खंडेलवाल** । क्षेत्र के राजपूत छात्रावास में शनिवार को राजपूत सभा जिला इकाई महवा-मंडावर की मासिक बैठक का आयोजन गौरवमयी परिवेश में संपन्न हुआ। अध्यक्षता कर रहे राजपूत सभा के अध्यक्ष दशरथ सिंह केसरी की मौजूदगी में आयोजित इस सभा में संपूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान के रंग में रंगा नजर आया। अवसर था क्षत्रिय कुलभूषण, वीरता, शौर्य और अटूट देशभक्ति के जीवंत प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती का, जिसे लेकर उपस्थित समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने प्रताप के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराया। इस दौरान अध्यक्ष दशरथ सिंह केसरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कड़े शब्दों में कहा कि महापुरुष केवल पूजने के लिए नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने आचरण में ढालने के लिए होते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि हम अपने समाज और राष्ट्र का उत्थान चाहते हैं, तो हमें स्वयं के भीतर क्षत्रियोचित संस्कारों को पुनर्जीवित करना होगा।

समाज के अस्तित्व पर चर्चा करते हुए उन्होंने भावुक व प्रभावी लहजे में कहा कि आज के दौर में यह हर क्षत्रिय का परम दायित्व है कि वह अपनी आने वाली पीढ़ियों को श्रेष्ठ संस्कारों की विरासत सौंपे, क्योंकि बिना संस्कारों के क्षत्रिय अस्मिता को बचाकर रखना असंभव है। बैठक का समापन अध्यक्ष के ओजस्वी उद्बोधन और पधारे हुए सभी समाजबंधुओं के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। राष्ट्रभक्ति के इस संगम में भवानीसिंह, सरजीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जगदीश सिंह, तेजसिंह, बलदेव सिंह, नरेन्द्र सिंह, मुकेश सिंह, अजयसिंह, जितेन्द्र सिंह, मंगलसिंह, विक्रम सिंह, रामअवतार सिंह, जितेन्द्र सिंह, भगवान सिंह, मंगू सिंह, बनैसिंह, विनोद सिंह, भँवरसिंह, कपिल सिंह, सुरेन्द्रसिंह, मनोज सिंह, अरुण सिंह, प्रमोदसिंह, पंकज सिंह सहित महवा-मंडावर क्षेत्र के राजपूत समाज के सैकड़ों प्रबुद्ध लोग और युवा शक्ति मौजूद रही, जिन्होंने समाज के विकास में अपनी सहभागिता निभाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## पुर्तगाल से भारत लाया गया गैंगस्टर अभय राणा, हरियाणा पुलिस को थी लंबे समय से तलाश




नई दिल्ली (एजेंसी)। सीबीआई ने विदेश और गृह मंत्रालय की मदद से गैंगस्टर अभय उर्फ अभय राणा को पुर्तगाल से भारत वापस लाने में सफलता पा ली है। हरियाणा पुलिस को कई गंभीर मामलों में उसकी तलाश थी। अभय राणा हरियाणा में दर्ज कई आपराधिक मामलों में वांछित था। इन मामलों में रंगदारी, आपराधिक धमकी, संगठित अपराध सिंडिकेट का संचालन, हत्या का प्रयास और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। करनाल जिले में दर्ज मामले की जांच में सामने आया कि आरोपी और उसके सहयोगी वॉट्सएप कॉल सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थानीय व्यापारियों को फिरौती के लिए धमकाते थे। जो लोग उनकी मांगें पूरी नहीं करते थे, उन पर गिरोह के सदस्यों द्वारा हमला किया जाता था। जांच पूरी होने के बाद आरोपी के खिलाफ संबंधित अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई। नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (एनसीबी-नई दिल्ली) ने हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर इंटरपोल चैनलों के माध्यम से आरोपी अभय के खिलाफ रेडकार्नर नोटिस जारी कराया। आरोपी की लोकेशन का पता लगने और पुर्तगाल की एजेंसियों द्वारा गिरफ्तारी के बाद भारत की ओर से प्रत्यर्पण अनुरोध भेजा गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुर्तगाल के अधिकारियों ने आरोपी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी।

## बीजेपी प्रवक्ता का विपक्ष पर हमला, सुवेंदु कैबिनेट में 'रोहिंग्या' या 'बांग्लादेशी' नहीं




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी के प्रवक्ता शाहजाद पूनावाला ने पश्चिम बंगाल में नई बीजेपी सरकार के गठन के बाद सोशल मीडिया पर जातिवाद और सांप्रदायिक राजनीति पर निशाना साधकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल के नए मंत्रिमंडल में कोई ÷रोहिंग्या÷ या ÷बांग्लादेशी÷ नहीं है, बल्कि सभी मंत्री भारतीय बंगाली समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। बीजेपी प्रवक्ता पूनावाला ने कैबिनेट के प्रमुख चेहरों का जिक्र कर लिखा कि सुवेंदु अधिकारी, दिलीप घोष, अग्निमित्रा पाल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टुडू और नीतिश सभी भारतीय बंगाली हैं। उन्होंने ÷एक हैं, सबसे सुरक्षित हैं÷ का संदेश देकर विपक्ष पर जातीय और धार्मिक विभाजन की राजनीति करने का आरोप लगाया।

पश्चिम बंगाल में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत के बाद सुवेंदु अधिकारी ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। यह पहली बार है जब पश्चिम बंगाल में बीजेपी का कोई नेता मुख्यमंत्री बना है। शपथ ग्रहण समारोह में कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य लोग मौजूद रहे। शुभेंदु ने बांग्ला भाषा में शपथ लेकर जनता का अभिवादन किया। इसके बाद मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली। अग्निमित्रा पॉल लगातार दो चुनाव जीत चुकी हैं, जबकि दिलीप घोष पार्टी संगठन में लंबे समय तक अहम भूमिका निभा चुके हैं। विधानसभा की कुल 294 सीटों के आधार पर राज्य में अधिकतम 44 मंत्री बनाए जा सकते हैं। संविधान के अनुसार किसी भी राज्य में मंत्रियों की संख्या विधानसभा के कुल सदस्यों के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।

# मृत बहन का कंकाल लाने वाले जीतू मुंडा की बदली किस्मत

**-बैंक खाते से निकालने गए 19 हजार रुपये, अपमान के बाद मिले 15 लाख रुपये**



**क्योंझर (एजेंसी)।** ओडिशा के क्योंझर जिले के दियानाली गांव से हृदय विदारक घटना सामने आई है, जिसने पूरे देश को सोचने पर मजबूर कर दिया। 52 वर्षीय जीतू मुंडा ने अपनी मृत बहन कलरा का कंकाल कंधे पर रखकर बैंक ले जाने का बेहद दर्दनाक कदम उठाया था। जीतू अपनी बहन के बैंक खाते में जमा 19,400 रुपए निकालने पहुंचे थे, लेकिन बैंक मैनेजर ने जीतू से कहा कि बहन को लाने पर ही पैसा मिलेगा। अपनी बहन की मौत की बात बताने के बावजूद, जीतू का आरोप है कि मैनेजर ने यह शर्त रखी, जिसके बाद उन्होंने कब्र से बहन कलरा का कंकाल निकाला और तीन किलोमीटर दूर बैंक तक लेकर पहुंचे।

जीतू और उनकी बहन कलरा, जो 26 जनवरी को बीमार होने के बाद चल बसी थीं, बेहद गरीबी में जीवन यापन कर रहे थे। कलरा ने पति की मौत के बाद एक बछड़ा बेचकर 19,400 रुपए ग्रामीण बैंक में जमा किए थे। उन्हें सरकार से मिलने वाले 1 हजार रुपए और 35 किलो चावल ही जीतू के साथ उनके गुजारे का एकमात्र सहारा था। जीतू का खुद का कोई काम नहीं है और वे एक जर्जर मकान में रहते थे जो कभी भी ढह सकता था। बहन की मौत के बाद, बैंक में जमा यह छोटी सी रकम ही उनके लिए आखिरी आस बची थी।

लेकिन जब हृदय विदारक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जीतू मुंडा की जिंदगी बदल गई है। उन्हें विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों से करीब 15 लाख रुपए की आर्थिक मदद मिल चुकी है। इसके अलावा, उनकी बहन के बैंक खाते में जमा 19,400 रुपए भी मिल गए हैं। एक साल पहले कलरा को मिले सरकारी घर में अब बिजली कनेक्शन भी लग गया है और जीतू मुंडा अब उसी घर में रह रहे हैं।

इस मामले में जिम्मेदार बैंक मैनेजर ने कहा है कि उन्होंने जीतू से केवल आवश्यक दस्तावेज मांगे थे, न कि बहन के मृत शरीर लाने को कहा था। हालांकि, जीतू अपने दावे पर अडिग हैं कि मैनेजर ने जानबूझकर उनसे कहा था कि बहन को लेकर आओ, तभी पैसा मिलेगा, जबकि उन्हें बहन की मौत के बारे में बताया गया था। जांच में यह भी सामने आया है कि जीतू और कलरा पहले भी कई बार बैंक आए थे, और आखिरी बार वे 26 दिसंबर को 500 रुपए निकालने आए थे।

## डिंपल यादव की मांग: मतगणना की लाइव स्ट्रीमिंग हो, भाजपा पर साधा निशाना

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि आयोग पूरी तरह भारतीय जनता पार्टी के दबाव में काम कर रहा है। मैनपुरी स्थित सपा कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव आयोग पर भरोसा करना मुश्किल हो गया है क्योंकि उसकी कार्यप्रणाली एकतरफा और सत्ता पक्ष के अनुकूल नजर आ रही है। डिंपल यादव ने पश्चिम बंगाल चुनाव के अनुभवों का हवाला देते हुए मांग की है कि उत्तर प्रदेश में होने वाली आगामी मतगणना प्रक्रिया का लाइव प्रसारण किया जाए। साथ ही, उन्होंने बंगाल चुनाव की मतगणना की फुटेज सार्वजनिक करने की भी मांग उठाई ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने बंगाल में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने का काम किया है। उनके अनुसार, कार्यकर्ताओं को घरों से निकलने से रोका गया और रात के समय पुलिस दबिश देकर दबाव बनाया गया। सांसद ने आशंका जताई कि भाजपा उत्तर प्रदेश में भी इसी तरह की रणनीति अपना सकती है। राज्य की कानून-व्यवस्था पर प्रहार करते हुए सपा सांसद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध और दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने तंज कसा कि जहां भी भाजपा की सरकारें हैं, वहां महिलाओं पर अत्याचार में वृद्धि हुई है। सपा और ममता बनर्जी के संबंधों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सपा के दीदी के साथ हमेशा मधुर संबंध रहे हैं। आगामी चुनावी चुनौतियों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा की किसी भी रणनीति का डटकर मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस दौरान पार्टी के कई स्थानीय विधायक और वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

# बंगाल में चुनाव खत्म होते ही पंजाब में हर दिन ईडी मार रही छापे

**केजरीवाल ने पीएम मोदी की तुलना मुगल शासक औरंगजेब से की**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा के ठिकानों पर हुई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भड़क उठे। केजरीवाल ने कहा कि बंगाल में चुनाव खत्म होते ही पंजाब में हर दिन ईडी की छापेमारी शुरू हो गई है। उन्होंने पिछले दिनों ईडी की छापेमारी के बाद सांसद अशोक मित्तल के बीजेपी में चले जाने का भी जिक्र किया। साथ ही पीएम मोदी की तुलना मुगल शासक औरंगजेब से कर डाली।

शनिवार सुबह संजीव अरोड़ा के चंडीगढ़ से दिल्ली तक के ठिकानों पर एक साथ ईडी की टीमें पहुंचीं। आप ने इसे पंजाब चुनावों से जोड़ते हुए केंद्र सरकार पर जोरदार हमला किया। खुद केजरीवाल ने कहा कि जैसे ही बंगाल चुनाव खत्म हुए, मोदीजी ने पंजाब में रोज ईडी ने छापा मारना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ सालों में मोदीजी ने पंजाब के साथ बहुत धोखा किया है। पंजाबियों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया है।

केजरीवाल ने आगे कहा कि पंजाब के पानी पर हमला किया, पंजाब यूनिवर्सिटी को लेने की कोशिश की, ग्रामीण विकास का पैसा रोक लिया और अब ईडी ने ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी। उन्होंने राघव चड्ढा और अन्य सांसदों के साथ आप छोड़कर बीजेपी में गए राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल का भी जिक्र किया। केजरीवाल ने कहा कि अशोक मित्तल के यहां रेड हुई, अगले दिन उनको बीजेपी में शामिल करवा लिया। इसका मतलब ईडी की रेड का मकसद चोरी का पैसा ढूंढ़ना नहीं था। केवल अशोक मित्तल को तोड़कर उन्हें बीजेपी में शामिल करवाना था। कुछ दिन पहले संजीव अरोड़ा के यहां भी रेड हुई। वो बीजेपी में शामिल नहीं हुए तो उनके यहां फिर से रेड करवा दी। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है। कई सौ साल पहले औरंगजेब ने देश के कई भागों पर कब्जा कर लिया। मोदीजी ने भी बेईमानी से देश के कई हिस्सों पर कब्जा कर लिया है। मोदीजी अब पंजाब पहुंचे हैं। औरंगजेब ने गुरुओं पर बहुत अत्याचार किए। मोदीजी भी पंजाबियों पर अत्याचार कर रहे हैं, लेकिन गुरुओं ने कुर्बानी देकर औरंगजेब का सामना किया और लोगों को बचाया। आज गुरुओं की कुर्बानी से प्रेरणा लेकर पंजाब मोदीजी के अत्याचार का सामना करेगा और पूरे देश को उनके अत्याचार से बचाएगा।

## ईरान संकट के बीच ओमान बना भारत और खाड़ी देशों के व्यापार की नई लाइफलाइन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान संकट के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य पर अनिश्चितता का साया गहरा गया है, इस संकट ने भारत और छह खाड़ी देशों के बीच समुद्री व्यापार के लिए बड़ी चुनौती खड़ी की है। इससे ओमान के बंदरगाह एक नई लाइफलाइन और बायपास बनकर उभरे हैं, जो महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग को सुचारु रखने में मदद कर रहे हैं। बीते कुछ हफ्तों से यहीं से होकर सामानों की आवाजाही हो रही है, जिससे भारतीय निर्यातकों ने बहुत राहत की सांस ली है।

मिली जानकारी के अनुसार, बीते कुछ हफ्तों से भारत से खाद्य पदार्थों का निर्यात इन्हीं ओमानी बंदरगाहों के रास्ते खाड़ी देशों तक पहुंच रहा है। गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) के छह सदस्य देश सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान, कतर, कुवैत और बहरीन अपनी लगभग 85 प्रतिशत खाद्य जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैं और भारत उनका एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। होर्मुज स्ट्रेट में बनी बाधा के बीच यह नया मार्ग उनके लिए एक बड़ी मदद साबित हो रहा है।

ओमान का सोहर बंदरगाह इस स्थिति में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है। 2004 में खुला यह बंदरगाह होर्मुज के बाहर स्थित है और कृषि उत्पादों को संभालने के लिए इसमें एक समर्पित टर्मिनल है। इसके गहरे समुद्र में स्थित 21 मिलियन वर्ग मीटर के परिसर में लॉजिस्टिक्स, पेट्रोकेमिकल्स और मेटल के लिए भी अलग क्लस्टर हैं। अपनी सामरिक स्थिति के कारण, सोहर बंदरगाह जीसीसी, भारत और पूर्वी अफ्रीकी बाजारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बन गया है। इस तरह, सलालाह बंदरगाह भी कृषि और खाद्य उत्पादों की आवाजाही के लिए उपयोगी साबित हो रहा है, जो सालाना 2,500 जहाजों को संभालने में सक्षम है।


यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जीसीसी भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, जिसका वार्षिक व्यापार 178.56 बिलियन डॉलर से अधिक है। भारत इन देशों को चावल, कपड़े, मशीनरी और रत्न-आभूषण निर्यात करता है, जबकि उनसे कच्चा तेल, गैस और कीमती धातुएं आयात करता है। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि इस नए मार्ग से तेल और गैस का आयात कितनी बड़ी चुनौती है या यह संभव भी है या नहीं।

# क्रूज शिप से 12 देशों तक पहुंचा हंतावायरस, संक्रमित यात्रियों ने बढ़ाई वैश्विक चिंता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया अभी कोविड-19 महामारी के असर से पूरी तरह उबर भी नहीं है कि अब हंतावायरस के एक खतरनाक स्ट्रेन ने स्वास्थ्य एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। दक्षिण अमेरिका से रवाना हुए एक क्रूज शिप पर फैले संक्रमण के बाद कई देशों में अलर्ट जारी हुआ है। बताया जा रहा है कि संक्रमित यात्री करीब 12 देशों में पहुंच चुके हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निगरानी तेज की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल में क्रूज शिप अर्जेंटीना के उशुआइया बंदरगाह से रवाना हुआ था। जहाज पर करीब 150 यात्री सवार थे। यात्रा के दौरान दो डच यात्री दक्षिण अमेरिका के एक कचरा क्षेत्र में पक्षी देखने गए, जहां उनका संपर्क संक्रमित चूहों से हुआ। माना जा रहा है कि यहीं से वायरस जहाज पर फैला। अब तक पांच मामलों की पुष्टि हुई है, जिनमें तीन लोगों की मौत हो चुकी है। विशेषज्ञों के मुताबिक, हंतावायरस आमतौर पर संक्रमित चूहों के मल-मूत्र, लार या उनके संपर्क में आने से फैलता है। लेकिन इस बार सामने आया ÷एंडीज स्ट्रेन÷ ज्यादा चिंताजनक माना जा रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह वायरस खांसने, छींकने, किस करने या एक ही गिलास और स्ट्रॉ का इस्तेमाल करने से भी फैल सकता है।

अध्ययन बताते हैं कि संक्रमित व्यक्ति के बेहद करीबी लोगों में संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। 24 अप्रैल को यह क्रूज शिप सेंट हेलेना द्वीप पर रुका था, जहां 29 यात्री उतर गए। उस समय तक संक्रमण की जानकारी सामने नहीं आई थी। बाद में ये यात्री कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, जर्मनी, तुर्की, सिंगापुर और न्यूजीलैंड समेत कई देशों में पहुंच गए। अब विभिन्न देशों की स्वास्थ्य एजेंसियां इन यात्रियों की पहचान कर उन्हें आइसोलेट करने और निगरानी में रखने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल यह स्थिति कोविड जैसी वैश्विक महामारी में बदलने की संभावना कम है। प्रोफेसर का कहना है कि हंतावायरस नया नहीं है और दशकों से मौजूद है। वहीं प्रोफेसर के अनुसार, यह वायरस सामान्य फ्लू की तरह तेजी से नहीं फैलता क्योंकि संक्रमण के लिए अत्यधिक वायरल लोड और बेहद करीबी संपर्क जरूरी होता है। विशेषज्ञों ने आम लोगों से घबराने के बजाय सावधानी बरतने की अपील की है। चूहों वाले इलाकों से दूरी बनाए रखने, भोजन और पेय पदार्थ साझा न करने तथा बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी गई है। फिलहाल स्वास्थ्य एजेंसियां हालात पर करीबी नजर बनाए हुए हैं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित,
मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com